

तिथि-चैत्र, शुक्ल, त्र्योदशी

सोना - 92,330
चांदी- 97,000
शेयर मार्केट- 73,847
निफ्टी- 22,399
अधिकतम -37 °c
न्यूनतम -23 °c

लखनऊ से प्रकाशित एवं उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों से एक साथ प्रचारित

# चर्चित राजनीति

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

-: सर्वाधिक लोकप्रिय समाचार पत्र :-

www.charchitrajnit.com | वर्ष - 21 अंक-137 आर.एन.आई. नं.- UPHIN/2004/14385 | लखनऊ, शुक्रवार 11 अप्रैल, 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य : दो रुपये

## स्लोवाकिया के दौरे पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू




चर्चित राजनीति। एजेंसी

- यूरोपीय देश में राष्ट्रपति मुर्मू की भारतीयों से भेंट, विवि में मिली मानद उपाधि

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने बृस्पतिवार को स्लोवाकिया के नित्रा में टाटा मोटर्स के जगुआर लैंड रोवर संयंत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने लैंड रोवर डिफेंडर इकाई के रोलआउट को भी देखा।

उन्होंने संयंत्र में कार्यरत भारतीय कर्मचारियों से भी मुलाकात की। भारतीय कर्मचारी राष्ट्रपति से मिलने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। इसके अलावा, स्लोवाकिया में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को कॉन्स्टेंटाइन द फिलॉसफर यूनिवर्सिटी से मानद उपाधि भी दी गई। स्लोवाकिया में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को कॉन्स्टेंटाइन द फिलॉसफर यूनिवर्सिटी से मानद उपाधि भी दी गई। उपाधि स्वीकार करने के बाद उन्होंने कहा, मैं ऐतिहासिक शहर नित्रा में आकर और कॉन्स्टेंटाइन द फिलॉसफर यूनिवर्सिटी से यह प्रतिष्ठित मानद डॉक्टरेट प्राप्त करके बहुत (शेष पृष्ठ 7 पर)

## 2011 से ही पीएम मोदी की हिटलिस्ट में था तहव्वुर राणा!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 26/11 मुंबई हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को कड़ी सुरक्षा में भारत लाया गया है। अमेरिका से प्रत्यर्पित कर स्पेशल विमान में लाए गए राणा से जुड़ा एक पोस्ट सोशल मीडिया पर चर्चा में है।

यह पोस्ट है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का, मोदी ने यह पोस्ट आज से 14 साल पहले, 2011 में किया था। तब वह गुजरात के मुख्यमंत्री थे। 2011 में, अमेरिका ने राणा को मुंबई हमले में शामिल होने के आरोपों से बरी कर दिया था। इस पर तत्कालीन PA सरकार की विदेश नीति की आलोचना करते हुए मोदी ने लिखा था, 'मुंबई हमले में तहव्वुर राणा को निर्दोष बताना भारत की संप्रभुता का अपमान है और यह एक बड़ी विदेश नीति विफलता है।' आज जब राणा का प्रत्यर्पण हुआ, तो नेटिजन्स ने मोदी के इस पोस्ट को शेयर करते हुए उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की। एक यूजर ने लिखा, 'आज एक और वादा पूरा हुआ।' दूसरे ने कहा, '2011 में ही मोदी जी भारत के हितों को लेकर चिंतित थे।' बता दें कि मुंबई आतंकी हमले का मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा को आज अमेरिका से भारत लाया गया। तहव्वुर को दिल्ली स्थित एनआईए अदालत में पेश किया गया। खबर लिखे जाने तक बंद कमरे में सुनवाई चल रही थी। तहव्वुर राणा को एयरपोर्ट पर ही एआई ने गिरफ्तार कर लिया। एनआईए तहव्वुर राणा से पूछताछ के लिए 20 दिन की हिरासत की मांग कर सकती है।

# केन्द्रीय मंत्री ने उत्तर प्रदेश के बेहतरीन प्रदर्शन के लिये मुख्यमंत्री को दी बधाई

## प्रधानमंत्री की भावनाओं के अनुरुप बेहतर कार्य कर रहा उत्तर प्रदेश

चर्चित राजनीति। ब्यूरो




- मुख्यमंत्री योगी और केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण व नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, पीएम कुसुम योजना और गेहूं खरीद की समीक्षा की

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज यहां अपने सरकारी आवास पर केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी के साथ एक बैठक में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, पीएम कुसुम योजना और रबी विपणन वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत गेहूं खरीद की संयुक्त समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री को अवगत कराया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भावनाओं के अनुरूप उत्तर प्रदेश सोलर एनर्जी और गेहूं खरीद में बहुत अच्छा कार्य कर रहा है।

उन्होंने केन्द्रीय मंत्री को भरोसा दिलाया कि उत्तर प्रदेश अपनी ओर से अच्छा परिणाम देने का प्रयास करेगा। श्री जोशी ने भी उत्तर प्रदेश के बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मुख्यमंत्री को बधाई दी। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार बढ़ती ऊर्जा मांगों के अनुरूप कार्य करते हुए पूरे देश के लिए मॉडल बन रही है। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री और केन्द्रीय मंत्री ने राज्य और केन्द्र सरकार के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री को ओडीओपी का उपहार और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज कॉमन मैन और अन्नदाता किसानों को स्पर्श करती तीन महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश इन योजनाओं में अच्छा कार्य कर रहा है। उन्होंने प्रदेश सरकार की ओर से आश्वस्त किया कि उत्तर प्रदेश अपनी ओर से अच्छे परिणाम देगा। प्रदेश में नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसके दृष्टिगत उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा नीति-2022 प्रख्यापित की गई है। इसके अन्तर्गत राज्य में कम लागत की विश्वसनीय सौर ऊर्जा तक आम लोगों की पहुंच को सुनिश्चित किया गया है। इसके अतिरिक्त, उत्तर प्रदेश जैव ऊर्जा नीति-2022 और उत्तर प्रदेश ग्रीन हाइड्रोजन नीति-2024 भी प्रख्यापित की जा चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने सोलर पॉलिसी के तहत वर्ष 2027 तक सौर ऊर्जा के उत्पादन में 22 हजार मेगावॉट से अधिक का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके तहत सोलर पार्कों का विकास, कृषि फीडरों और निजी ऑन ग्रिड पम्पों के सोलराइजेशन को बढ़ावा देना, एक्सप्रेस-वे और रेलवे ट्रैक के किनारे सौर संयंत्रों की स्थापना को बढ़ावा देना सहित सौर ऊर्जा उपकरणों के निर्माण उद्योग (शेष पृष्ठ 7 पर)

## बिहार में आंधी और तूफान से 22 की मौत

**नालन्दा/पटना, एजेंसी।** बिहार में गुरुवार को तेज आंधी के साथ बारिश हुई, जिसमें पुराने पुराने विशाल वृक्ष भी गिर गये। बिहार के एक जिले में आज बारिश और आंधी की चपेट में आने से बच्चा महिला समेत 22 लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने द्वठ्ठ घटनाओं पर दुःख जताया है। नालंदा जिले में गुरुवार को आई प्रचंड आंधी और बारिश ने भारी तबाही मचा दी है। 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवा के कारण विशालकाय पेड़ों,दीवार और पुल के गिरने से 22 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है। नालंदा थाना क्षेत्र के ऐतिहासिक नालंदा खंडहर में एक विशाल पीपल का पेड़ जड़ से उखड़ गया। इस हादसे में खंडहर में तैनात एक गार्ड की पेड़ के नीचे दबकर मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान नालंदा थाना क्षेत्र के सरिलचक गांव निवासी स्व.बसंत लाल के (28) वर्षीय पुत्र राकेश कुमार के रूप में की गई है। इसी प्रकार, मानपुर थाना क्षेत्र के नगवां गांव में देवी स्थान के समीप एक विशालकाय पीपल का पेड़ गिरने से भीषण हादसा हुआ। इस घटना में एक व्यक्ति पेड़ के नीचे दबकर मार गया, जबकि चार अन्य लोगों की मौत मंदिर की दीवार गिरने से हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया (शेष पृष्ठ 7 पर)

# कश्मीरी पंडितों के करोड़ों की 1400 सम्पत्तियों पर कब्जा



- केपीएसएस ने उठाई बड़ी मांग

चर्चित राजनीति। एजेंसी

**श्रीनगर/नई दिल्ली।** ऐसे समय में जब वक्फ बिल में संशोधन पूरे देश में बहस का विषय बन गया है, कश्मीरी पंडित केंद्र शासित प्रदेश में हिंदू धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के लिए इसी तरह के बिल की मांग कर रहे हैं।

कश्मीरी पंडित संघर्ष समिति ने कहा है कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वे सुप्रीम कोर्ट का रुख करेंगे। कश्मीरी पंडित संघर्ष समिति के मुताबिक कश्मीर घाटी में 1400 से ज्यादा मंदिरों की संपत्तियों जो करोड़ों रूपयों की है पर अतिक्रमण किया गया है। केपीएसएस का कहना है कि अगर इन लोगों को प्रशासन और राजनेताओं का समर्थन नहीं मिलता तो यह संभव नहीं हो पाता। केपीएसएस प्रमुख संजय टिकु ने कहा, करीब 1400 सम्पत्तियां हैं जिन पर अतिक्रमण किया गया है, जाली बिक्री पत्र बनाए गए हैं और यह तब तक संभव नहीं है जब तक ये अधिकारी और राजनेता उनके साथ मिलकर काम नहीं करते।

केपीएसएस का नया नारा है कि सनातन बोर्ड बनाया जाना चाहिए और सनातन और वक्फ बोर्ड दोनों को मिलकर काम करना चाहिए। अगर यह बनता है तो समुदायों के बीच भाईचारा होगा। अगर सरकार हमारी मांगों को पूरा नहीं करती है तो हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। देखते हैं कि वे दो महीने में क्या करते हैं, नहीं तो हम जून के महीने में सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। न केवल मंदिर बल्कि यहां रोजगार और मानवाधिकारों का उल्लंघन भी हुआ है। कश्मीरी पंडित संघर्ष समिति (केपीएसएस) ने यह भी कहा कि यह नैतिक रूप से निंदनीय और कानूनी रूप से अक्षम्य है कि जम्मू कश्मीर विधानसभा जिसने 35 वर्षों में कभी भी अतिक्रमित मंदिरों, अपवित्र धार्मिक स्थलों या हजारों कनाल हिंदू बंदोबस्ती भूमि के अवैध हस्तांतरण के बचाव में एक भी शब्द नहीं कहा, वह अचानक वक्फ संपत्तियों के विनियमन का सवाल उठने पर पीड़ा से भर जाती है। लेकिन वक्फ बिल पर प्रदर्शन करनेवाले राजनेता मानते हैं कि वक्फ बिल मुस्लिम समुदाय के खिलाफ है। पीडीपी नेता बशारत बुखारी ने कहा, मुझे नहीं पता कि कश्मीरी पंडितों की संपत्तियों की यहां क्या स्थिति है, लेकिन मुझे नहीं पता कि उन्हें किसने बताया कि वक्फ बिल मुस्लिम संपत्तियों की सुरक्षा के लिए है, हमें यह भी नहीं पता कि उन बिलों के कारण क्या होगा। और हम जो कह रहे हैं और पूछ रहे हैं, हमें नहीं पता कि सरकार क्या करना चाहती है।

## समाजसेवी संस्था की आड़ में मानव तस्करी, 15 हजार लड़कियों को बेचा

**कानपुर, एजेंसी।** अगवा कर राजस्थान के जयपुर में बेची गई किशोरी के मिलने और खरीदने वाली महिला के पकड़े जाने के बाद बड़ा राजफाश हुआ है। आरोपित महिला जयपुर में गायत्री सर्व समाज फाउंडेशन के नाम से समाजसेवी संस्था चलाती है। पुलिस की पूछताछ में पता चला है कि वह मानव तस्करी का गिरोह चला रही थी। वर्ष 2014 से अब तक 15000 से ज्यादा लड़कियों को सामूहिक विवाह के लिए बेच चुकी है। किशोरी को उसने ढाई लाख रुपये में खरीदा था और धोखे से उसकी शादी करा दी। वह बचकर भाग निकली और स्वजन को जानकारी दी। एसीपी चित्रांशु गौतम ने बताया कि आरोपितों द्वारा करीब 15 हजार शादियां कराए जाने का तथ्य प्रकाश में आया है। खरीद-फरोख्त कितने मामलों में हुई, इसकी जांच की जा रही है। नौबस्ता क्षेत्र निवासी एक मजदूर की 16 वर्षीय बेटी पड़ोसी सौरभ मिश्रा की छोटी बेटी को पढ़ाती थी। सौरभ की पत्नी ने 29 मार्च को बाजार चलने के बहाने किशोरी को घर बुलाया। किशोरी पहुंची तो घर में सौरभ व उसकी दो महिला मित्र पलक व सुमन ही मिलीं। किशोरी ने सौरभ की पत्नी को फोन किया तो उसने कहा कि तुम सौरभ (शेष पृष्ठ 7 पर)

# अमित शाह ने सीएए पर राहुल गांधी से मांगा जवाब




चर्चित राजनीति। एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राइजिंग भारत 2025 कार्यक्रम में राहुल गांधी को खुला चौलेंज किया है। उन्होंने कहा कि जब नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लागू किया जा रहा था। तब कांग्रेस और राहुल गांधी पूरे देश में यह अफ्वाह फैला रहे थे कि इससे मुसलमानों की नागरिकता चली जाएगी। अब करीब दो साल बाद सीएए लागू हो चुका है और अमित शाह ने राहुल गांधी और कांग्रेस से पूछा कि क्या वे इस बात का कोई सबूत दे सकते हैं कि सीएए के लागू होने से देश के किसी भी मुसलमान की नागरिकता गई हो। अमित शाह ने यह भी कहा कि उस समय कांग्रेस और राहुल गांधी ने सीएए के खिलाफ मुसलमानों को भड़काया, जिससे देश में कई जगहों पर हिंसा का माहौल बन गया। उनका कहना था कि कांग्रेस ने यह सब वोट बैंक की राजनीति के लिए किया और हिंसा के लिए मुख्य रूप से कांग्रेस जिम्मेदार है। इसके बाद अमित शाह ने खासकर युवाओं से अपील की कि वे तुष्टिकरण की राजनीति को सहन न करें, क्योंकि यह देश के लिए एक खतरा बन चुकी है।

उन्होंने कहा कि यह एक जहरीला नासूर है, जिसे देश से हमेशा के लिए समाप्त कर देना चाहिए। अमित शाह ने वक्फ कानून पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि पसमांदा मुस्लिम समाज में गरीब और ओबीसी है उनको वक्फ बोर्ड में प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। साथ ही उन्होंने सवाल उठाया कि शिया, आगाखानी, दाऊदी बोहरा, महमदिया और अहमदिया जैसे मुस्लिम समुदायों का वक्फ में प्रतिनिधित्व क्यों नहीं है। उनके अनुसार, वक्फ का बिल मुस्लिम समाज के सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व करता है और यह सभी मुस्लिम समुदायों के हित में है। पश्चिम बंगाल के चुनावों पर अमित शाह ने कहा कि वह बंगाल की जनता से अपील करते हैं कि वे भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाएं, (शेष पृष्ठ 7 पर)

## संक्षिप्त समाचार

### फसलों को नुकसान पर किसानों को दी जाएगी त्वरित राहत : शाही



**लखनऊ, चसं।** उत्तर प्रदेश में अचानक बदले मौसम के मिजाज और कई जनपदों में हुई बारिश से फसलों को नुकसान पर कृषिमंत्री सूर्य प्रताप शाही ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे स्थलीय निरीक्षण कर फसलों को हुए नुकसान का तुरंत जायजा लें। वर्षा तथा आंधी-तूफान के कारण फसलों को जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत की जाएगी। किसानों को आश्वस्त किया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार उन्हें फसल नुकसान पर पूरी राहत उपलब्ध कराएगी।

### नीतीश कुमार को उपप्रधानमंत्री बनाया जाना चाहिये : अश्विनी चौबे

**पटना, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने गुरुवार को अपनी व्यक्तिगत राय व्यक्त की कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को उपप्रधानमंत्री बनाया जाना चाहिए। केंद्र में आने से पहले कुमार के मंत्रिमंडल में अपनी सेवाएं दे चुके अश्विनी चौबे ने संवाददाताओं से कहा कि वह जनता दल (यूनाइटेड) के प्रमुख नीतीश कुमार को दिवंगत जगजीवन राम के बाद बिहार से दूसरे उपप्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में नीतीश कुमार का उल्लेखनीय योगदान है। वह गठबंधन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथ मजबूत कर रहे हैं। मेरी व्यक्तिगत इच्छा है कि उन्हें उपप्रधानमंत्री बनाया जाए। चौबे ने कहा, यदि यह इच्छा पूरी हुई तो बिहार (शेष पृष्ठ 7 पर)


## बांग्लादेश की केयरटेकर सरकार के मुखिया मोहम्मद युनूस को भारी पड़ा बड़बोलापन, आर्थिक रीढ़ पर गहरा घाव

# बांग्लादेश पर भारत की 'आर्थिक सर्जिकल स्ट्राइक'

चर्चित राजनीति। एजेंसी

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश का सारा हुक्का पानी भारत भरोसे ही है। हर छोटी-बड़ी चीज के लिए वह भारत पर ही निर्भर है, जिसमें बिजली, पेट्रोलियम जैसी जरूरी चीजें हों या उसे आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने वाली गारमेंट इंडस्ट्री जिसके लिए कपास और अन्य साजोसामान उसे भारत से ही मिलता है। किसी प्राकृतिक आपदा और अन्य मुसीबत में पड़ने पर सबसे ज्यादा मदद भी भारत. से ही मिलती रही है। लेकिन, शेख हसीना सरकार का तख्ता पलट करके काबिज हुए कट्टरपंथियों ने भारत के प्रति अपनी नफरत को जगजाहिर कर दिया है। इसके लिए पहले उन्हें अमेरिका की बाइडेन सरकार से मदद मिल रही थी, लेकिन डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति पद संभालने पर बांग्लादेश के मामले को भारत के हवाले कर दिया है। एक ऐसे समय में जब चीन कई तरह के आर्थिक और सामरिक संकट से जूझ रहा है, युनूस ने बीजिंग जाकर भारत के खिलाफ बयानबाजी करके अपने ही पैर पर कुल्हाड़ी मारी है। भारत ने तो बस उस कुल्हाड़ी के जोर को थोड़ा और ही बढ़ाया है।


उम्मीद की जा सकती है कि वह पूर्व में पाकिस्तान की ऐसी हरकतों के नतीजे से सबक लेगा और शांत हो जाएगा। बताते चलें कि पिछले कुछ समय से लगातार बांग्लादेश भारत पर शेख हसीना और उनके समर्थकों को पनाह देने का आरोप लगा रहा है। इस्लामिक कट्टरपंथियों को हिंदुओं के नरसंहार की खूली छूट मिली हुई है। कई बार ऐतराज



जताने के बाद भी स्थितियां सुधरने की बजाए भारत विरोध भावनाओ को और हवा दी जा रही है। भारत के खिलाफ पाकिस्तान और चीन से संबंध साधने के लिए मोहम्मद यूनुस दोनों देशों का दौरा कर चुके हैं। चीन पहुंचकर पूर्वोत्तर भारत पर सीधी टिप्पणी और फिर खुद को समुद्र का एकमात्र गार्जियन बताकर उन्होंने भारत को ये सोचने को मजबूर कर दिया कि अब सर के ऊपर पानी जा रहा है। भारत पहले से ही सिलिगुड़ी कॉरिडोर (चिकन नेक) के नजदीक बांग्लादेश में एक एयरपोर्ट डेवलप करने के लिए चीन-पाकिस्तान को आमंत्रित करने से खार खाया हुआ था। यह क्षेत्र भारत के लिए बेहद रणनीतिक महत्व रखता है। जाहिर है कि बांग्लादेश की गलतियों का घड़ा भर चुका था। बता दें कि प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी की हाल ही में थाईलैंड में बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के हेड मोहम्मद यूनुस से मुलाकात हुई थी। दोनों देशों के रिश्ते में तनाव के बीच ये बैठक हुई थी।

भारत में विपक्ष नरेंद्र मोदी और यूनुस के बीच 38 मिनट तक चली बैठक को सरकार की कमजोरी के रूप में इंगित कर रहा था। दोनों नेताओं के बीच बातचीत को सुनकर ऐसा लगा था कि बांग्लादेश अहंकार में डूबा हुआ है। पीएम मोदी के कार्यालय की ओर से जारी बयान से पता चला था कि प्रधानमंत्री ने बांग्लादेश में हिंदुओं सहित अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का मुद्दा उठाया था। पर बांग्लादेश की ओर से जारी बयान को सुनकर ऐसा नहीं लगा कि उसे भारत द्वारा उठाई गई समस्याओं से कोई मतलब नहीं है। प्रोफेसर यूनुस ने भारत की चिंताओं को दरकिनार कर बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण का मुद्दा उठाया। हालांकि मोहम्मद यूनुस ने कहा था कि बांग्लादेश, भारत के साथ अपने सम्बन्ध को बहुत अहमियत देता है, लेकिन यूनुस ने जिस तरह पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को निशाना बनाते हुए कहा कि वे तमाम मीडिया आउटलेट में भड़काऊ बयान दे रही हैं और बांग्लादेश में हालात को अस्थिर करने की कोशिश कर (शेष पृष्ठ 7 पर)

हिन्दी दैनिक चर्चित राजनीति
लखनऊ, शुक्रवार 11 अप्रैल, 2025
www.charchitrajnit.com



**जन्म लेने वाले के लिए मृत्यु उसी प्रकार निश्चित है, जितना कि मरने वाले के लिए जन्म लेना। इसलिए इस विषय पर शोक मनाना व्यर्थ है, जो इंसान किसी की कमी को पूरी करता है वो सही अर्थों में महान होता है : गीता**

## संपादकीय

### सस्ते लोन की आस

अमेरिका के टैरिफ युद्ध से उपजी वैश्विक आर्थिक अस्थिरता के बीच केंद्रीय बैंक ने सावधानी के फैसले लेने शुरू कर दिए हैं। शेयर बाजारों के ध्वस्त होने के बाद आर्थिक मंदी की आहट अमेरिका समेत पूरी दुनिया में महसूस की जा रही है। वैश्विक प्रतिकूलताओं के बीच केंद्रीय बैंक द्वारा हाल ही में दूसरी बार रेपो दर में 25 आधार अंक की कटौती अनिश्चितता के बीच सावधानी का ही संकेत है। केंद्रीय बैंक ने अब रेपो दर 6.25 से घटाकर 6 प्रतिशत करने का निर्णय लिया है। इस साल यह दूसरी बार कटौती है। जबकि पहली कटौती पांच साल बाद की गई थी। यह कदम वैश्विक अस्थिरता के प्रति रिजर्व बैंक की चिंता को ही दर्शाता है। निश्चित रूप से आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा के नेतृत्व में मौद्रिक नीति समिति द्वारा समायोजन के साथ बदलती प्राथमिकताओं का संकेत दिया है। अब बैंक की प्राथमिकता मुद्रास्फीति के बजाय विकास को गति देना है। निर्विवाद रूप से केंद्रीय बैंक ने यह कदम ऐसे समय पर उठाया है जब संयुक्त राज्य अमेरिका से उपजे व्यापार तनाव और टैरिफ संकट के बीच आर्थिक अनिश्चितता बढ़ रही है। ये हालात घरेलू स्तर पर खपत में कमी करके मंदी की आशंका बढ़ा सकते हैं। साथ ही विकास में निजी निवेश की संभावनाओं पर भी भारी पड़ सकते हैं। इसके साथ ही केंद्रीय बैंक ने देश के सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर के पूर्वानुमान को संशोधित करके 6.5 फीसदी कर दिया है। जो आने वाली आर्थिक चुनौतियों के मद्देनजर पैदा होने वाली चिंताओं को ही रेखांकित करता है। निश्चित रूप से यह फैसला आवास और ऑटो ऋण ले चुके लोगों के लिये राहत भरी खबर है क्योंकि रेपो रेट घटने पर ऋण लेने वालों की ईएमआई घट सकती है। साथ ही यह कदम नये ऋण लेने वाले लोगों को भी प्रोत्साहित करेगा। इससे रियल एस्टेट सेक्टर को गति मिलने की संभावना भी बढ़ गई है। हालांकि, उन लोगों को कुछ निराशा हो सकती है जो बैंकों में सावधि जमा राशि के जरिये जीवनयापन करते हैं। ऐसे में ब्याज दरों में गिरावट से उनका वास्तविक रिटर्न कम हो सकता है। फलतः निवेश को प्रोत्साहन देने के लिये नई रणनीति बनाने की जरूरत है। निस्संदेह, रेपो दर में कटौती मौद्रिक अनुशासन का एक जरूरी उपकरण है, लेकिन ये अंतिम रामबाण उपचार भी नहीं है। इसके साथ ही केंद्रीय बैंक को मुद्रास्फीति के दबाव व मुद्रा अस्थिरता के प्रति भी सतर्क रहना चाहिए। जिससे महंगाई बने रहने की चिंता भी पैदा हो सकती है। जरूरी है कि केंद्रीय बैंक द्वारा रेपो दरों में की गई कटौती का लाभ बैंक यथाशीघ्र अपने ऋण लेने वाले ग्राहकों को प्रदान करें। बहरहाल, दरों की यह कटौती केंद्रीय बैंक की विकास को गति देने की मंशा को ही जाहिर करती है। लेकिन यह कदम तभी प्रभावकारी हो सकता है जब राजकोषीय उपायों और संरचनात्मक सुधारों को गति प्रदान की जाए। बहरहाल, आम आदमी के लिये यह सुखद है कि उसकी ईएमआई कम हो जाएगी। साथ ही नये लोन भी सस्ते होंगे। जिससे हाउसिंग क्षेत्र में डिमांड बढ़ेगी। साथ ही लोग रियल एस्टेट में अधिक निवेश कर सकेंगे। निश्चित रूप से इस कदम से रियल एस्टेट सेक्टर को नई ताकत मिलेगी। वहीं उद्योग जगत ने भी केंद्रीय बैंक के फैसले का स्वागत किया है। उद्योग जगत लंबे समय से ब्याज दरों में कटौती की मांग करता रहा है, जबकि केंद्रीय बैंक की प्राथमिकता मुद्रास्फीति पर नियंत्रण की बनी रही थी। बहरहाल, केंद्रीय बैंक ने अर्थव्यवस्था में मुद्रा के प्रवाह को बढ़ाने का मन बना लिया है। यह तार्किक ही कि आर्थिक प्रतिकूलताओं के बीच मंदी के प्रभाव को टालने के लिये अर्थव्यवस्था में मुद्रा का प्रवाह बढ़ाने का सहारा लिया जाए।

# तीन साल में यूपी से खत्म हो जाएगी गरीबी : योगी

**'मिशन रोजगार' अभियान के तहत सरकार अगले तीन चार वर्षों में दो करोड़ युवाओं को रोजगार या स्वरोजगार से जोड़ने की योजना बना रही है। मुख्यमंत्री अप्रेंटिसशिप योजना के तहत 7.5 लाख युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा जिससे वे अपनी आजीविका कमा सकें। इस योजना का उद्देश्य गरीब परिवारों के युवाओं को सीधा आत्मनिर्भरता की ओर ले जाना है। वहीं, मनरेगा जैसी योजनाएं भी ग्रामीण रोजगार सृजन में मदद कर रही हैं। उत्तर प्रदेश की सरकार दावा कर रही है कि वह अब गरीबी के विरुद्ध निर्णायक लड़ाई लड़ने को तैयार है। यह संकल्प सिर्फ सरकारी दस्तावेजों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे मिशन मोड में लागू किया जाएगा।**

गरीबी हटाओ का नारा भारतीय राजनीति का सबसे पुराना और सबसे आजमाया हुआ वाक्य है। यह नारा सुनते-सुनते कई पीढ़ियां जवान हो चुकी हैं, लेकिन गरीबी का अंत अब तक नहीं हुआ। इंदिरा गांधी ने इस नारे को 1971 में दिया था और इसी नारे पर चुनाव जीतकर सत्ता में लौटी थीं। उसके बाद से लेकर आज तक हर सरकार ने इस नारे को अपनी सुविधा और राजनीतिक जरूरत के अनुसार इस्तेमाल किया है। नरेंद्र मोदी ने भी गरीबी को जातीय राजनीति के जवाब के रूप में पेश किया और अब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी यह संकल्प लिया है कि वे उत्तर प्रदेश को गरीबी मुक्त राज्य बनाएंगे। यह दावा उन्होंने महाराजगंज में किया, जहां उन्होंने कहा कि अगले तीन साल में यूपी से गरीबी खत्म कर दी जाएगी और प्रदेश को देश का नंबर एक राज्य बनाया जाएगा। यह बात उन्होंने तब कही जब एक सप्ताह पहले ही उनका बयान आया था कि वे राजनीति में लंबी पारी खेलने नहीं आए हैं। लेकिन उनके इस नए संकल्प से साफ है कि वे अभी कहीं जाने वाले नहीं हैं। योगी आदित्यनाथ ने जो संकल्प लिया है, वह सिर्फ एक चुनावी वादा नहीं बल्कि व्यक्तिगत संकल्प बताया जा रहा है। उन्होंने खुद कहा है कि राजनीति में भी समयसीमा होनी चाहिए और इस लक्ष्य को पाने के लिए उन्होंने तीन साल की डेडलाइन तय की है।

हालांकि तकनीकी रूप से उनके मौजूदा कार्यकाल के सिर्फ दो साल ही बचे हैं, इसलिए यह मानना मुश्किल नहीं कि उनका इरादा 2027 के बाद भी सत्ता में बने रहने का है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरह योगी आदित्यनाथ भी गरीब को एक अलग वर्ग के रूप में पेश कर रहे हैं। जब बिहार में जातिगत जनगणना के बाद मोदी ने ओबीसी, एससी, एसटी और गरीब का नाम लिया था, तो उसी गरीब वर्ग को अब योगी राजनीति का केंद्र बनाने की कोशिश कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को देखते हुए गरीबी हटाओ का अभियान बेहद चुनौतीपूर्ण है। लेकिन योगी सरकार ने इसकी शुरुआत 2 अक्टूबर 2024 को गांधी जयंती पर की, जब उन्होंने 'जीरो पॉवर्टी स्टेट' बनाने का ऐलान किया। सरकार के मुताबिक प्रदेश के हर ग्राम पंचायत से 25 निर्धनतम परिवारों को चिन्हित किया जाएगा और उन्हें केंद्र व राज्य सरकार की 17 योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। लक्ष्य है कि इन परिवारों की वार्षिक आय को 1,25,000 रुपये तक पहुंचाया जाए ताकि वे गरीबी रेखा से ऊपर आ सकें। इसके लिए सरकार खाद्यान्न, वस्त्र, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की योजनाओं को समन्वयित रूप से उन तक पहुंचाएगी। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश में 2013-14 में बहुआयामी गरीबी का स्तर 42.59 प्रतिशत था, जो 2022-23 में



घटकर 17.40 प्रतिशत पर आ गया है। इसका अर्थ है कि बीते नौ वर्षों में करीब 5.94 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर निकले हैं। यह आंकड़ा बताता है कि सरकार की योजनाएं कुछ हद तक असरदार रही हैं। लेकिन यूपी जैसे विशाल और विविध राज्य में गरीबी पूरी तरह मिटाना अब भी एक बड़ा लक्ष्य है। योगी आदित्यनाथ के मुताबिक, उनकी सरकार ने पिछले छह वर्षों में 55 लाख से अधिक लोगों को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजनाओं के तहत घर दिए हैं। इसके अलावा तीन करोड़ से अधिक परिवारों को शौचालय की सुविधा दी गई है और लगभग सभी गांवों को बिजली और पानी की सुविधा से जोड़ा गया है। सरकार का दावा है कि वह रोजगार को प्राथमिकता पर रख रही है। 'मिशन रोजगार' अभियान के तहत सरकार अगले तीन चार वर्षों में दो करोड़ युवाओं को रोजगार या स्वरोजगार से जोड़ने की योजना बना रही है। मुख्यमंत्री अप्रेंटिसशिप योजना के तहत 7.5 लाख युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा जिससे वे अपनी आजीविका कमा सकें। इस योजना का उद्देश्य गरीब परिवारों के युवाओं को सीधा आत्मनिर्भरता की ओर ले जाना है। वहीं, मनरेगा जैसी योजनाएं भी ग्रामीण रोजगार सृजन में मदद कर रही हैं। उत्तर प्रदेश की सरकार दावा कर रही है कि वह अब गरीबी के विरुद्ध निर्णायक लड़ाई लड़ने को तैयार है। यह संकल्प सिर्फ सरकारी दस्तावेजों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे मिशन मोड में लागू किया जाएगा। सरकार के अनुसार 2025 तक प्रदेश के सभी ब्लॉकों में गरीबी निवारण की प्रगति का ऑडिट किया जाएगा और 2026 तक अधिकांश चयनित परिवार गरीबी से ऊपर उठ चुके होंगे। हालांकि योगी आदित्यनाथ का ये संकल्प विपक्षी दलों को रास नहीं आया है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस जैसी विपक्षी पार्टियों ने इसे सिर्फ चुनावी स्टंट करार दिया है। उनका कहना है कि सरकार ने पहले भी रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में बड़े वादे किए, लेकिन उनके परिणाम जमीनी हकीकत से कोसों दूर हैं। विपक्ष का तर्क है कि अगर सरकार वास्तव में गंभीर होती तो अब तक प्रदेश की सामाजिक सूचकांक में और सुधार दिखता। उदाहरण के तौर पर, एनएफएचएस-5 के मुताबिक प्रदेश में अभी भी कुपोषण, एनीमिया और शिशु मृत्यु दर जैसे आंकड़े चिंता का विषय हैं। एक तरफ योगी आदित्यनाथ का दावा है कि वह प्रदेश को गरीबी मुक्त बना देंगे, वहीं दूसरी तरफ प्रदेश की आबादी, संसाधनों की कमी, और प्रशासनिक भ्रष्टाचार जैसी चुनौतियां इस अभियान को कठिन बनाती हैं। साथ ही प्रदेश के पिछड़े जिलों, जैसे बलिया, श्रावस्ती, सोनभद्र और चंदौली में अभी भी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। ऐसे में अगर सरकार वास्तव में गरीबी खत्म करना चाहती है, तो उसे सिर्फ योजनाएं बनाने से आगे जाकर जमीनी कार्यवाही करनी होगी। फिलहाल, यूपी सरकार ने जिन योजनाओं की घोषणा की है, वे यदि ईमानदारी से लागू की जाती हैं तो परिणाम सकारात्मक हो सकते हैं। लेकिन इन योजनाओं की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि स्थानीय प्रशासन कितना सजग और जवाबदेह रहता है। भ्रष्टाचार, लापरवाही और राजनीतिक हस्तक्षेप जैसी समस्याएं पहले भी कई सरकारी प्रयासों को विफल कर चुकी हैं। योगी आदित्यनाथ के संकल्प को राजनीति से जोड़कर देखने के भी कारण हैं। जैसा कि उन्होंने खुद कहा था कि राजनीति में समयसीमा होनी चाहिए, लेकिन अगर वे इस संकल्प को 2027 तक भी पूरा करना चाहते हैं तो जाहिर है कि उनका इरादा अगला चुनाव जीतने और सत्ता में बने रहने का है। गुजरात मॉडल की तर्ज पर वे यूपी मॉडल को प्रस्तुत करने की तैयारी में हैं, लेकिन विकास के मानकों पर यूपी को गुजरात जैसा बनाना आसान नहीं है। बहरहाल, यह कहना गलत नहीं होगा कि गरीबी हटाओ का नारा एक बार फिर चर्चा में है, लेकिन इस बार इसे सिर्फ नारे तक सीमित रखने से न तो जनता का भला होगा, न ही योगी आदित्यनाथ की राजनीति को स्थायित्व मिलेगा। अगर वे अपने इस वादे को सच साबित करते हैं तो उत्तर प्रदेश की तस्वीर वाकई बदल सकती है और यूपी मॉडल एक नई मिसाल बन सकता है। लेकिन अगर यह भी एक और राजनीतिक हथियार बनकर रह गया, तो जनता का भरोसा और भी डगमगाएगा। इसीलिए यह समय वादों से आगे बढ़कर उन्हें निभाने का है। यह योगी आदित्यनाथ के लिए सिर्फ एक संकल्प नहीं, बल्कि उनके पूरे राजनीतिक जीवन की विश्वसनीयता की परीक्षा है। :: एजेंसी

# अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के टैरिफ बम का असर

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अनेक देशों पर टैरिफ का ऐलान किया है। डोनाल्ड ट्रंप ने जब से अमेरिका के राष्ट्रपति पद का जिम्मा संभाला है, जनाब एक के बाद एक, बम बम फैसलों से खबरों में हैं। उन्होंने दुनिया के आर्थिक जगत को उलझा कर रखा हुआ है। ट्रंप ने तमाम देशों पर 10 प्रतिशत से लेकर 49 प्रतिशत तक का टैरिफ लगा दिया। भारत पर भी ट्रंप ने 26 प्रतिशत का रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया है। सबसे पहले तो आसान तरीके से यह समझें कि टैरिफ होता क्या है। मान लीजिए दक्षिण कोरिया से भारत में मोबाइल का आयात होता है, अब अगर सरकार को दिखता है कि वहां से आने वाले सस्ते मोबाइल से भारत की कंपनियों को घाटा हो रहा है, वो उनका मुकाबला नहीं कर पा रही हैं, तो सरकार टैरिफ का उपयोग करती है। टैरिफ एक प्रकार का टैक्स है जो वह किसी देश से आ रहे सामानों पर लगाती है। सरकार उन वस्तुओं और सेवाओं पर टैरिफ लगाकर उनको महंगा कर देती है ताकि देश के लोग उनको न खरीदकर देश की कंपनियों के प्रोडक्ट को ही खरीदें। अब ट्रंप अमेरिका में यही कर रहे हैं।

उन्होंने तमाम देशों पर कम से कम 10 प्रतिशत और अधिक से अधिक 49 प्रतिशत का टैरिफ लगाया है। अब ट्रंप का टैरिफ कैसे काम करेगा? इसको भारत के उदाहरण से ही समझिए। ट्रंप ने 2 अप्रैल को भारत पर जो 26 प्रतिशत का टैरिफ लगाया है, वो अतिरिक्त टैक्स होगा। यानी अगर किसी सेक्टर पर अमेरिका ने पहले 14 प्रतिशत का टैरिफ लगा रखा था तो अब उस पर 14 प्लस 26 यानी कुल 40 प्रतिशत का टैरिफ देना होगा। ट्रंप ने जो टैरिफ लगाया है उसमें 10 प्रतिशत का टैरिफ 'बेसलाइन टैरिफ' है, यानी कम से कम इतना टैरिफ तो सब पर लगाया गया है। इसके बाद जो टैरिफ है, वह उन देशों की तरफ से अमेरिका पर लगाए जा रहे टैरिफ के अनुपात में लगाया गया है। फिर से भारत के उदाहरण से इसे समझते हैं। भारत पर जो 26 प्रतिशत का अतिरिक्त टैरिफ लगाया गया है, उसमें से 10 प्रतिशत बेसलाइन टैरिफ है और बाकी का 16 प्रतिशत भारत के टैरिफ के जवाब में लगाया गया है। ट्रंप ने ऐलान किया है कि 10 प्रतिशत का बेसलाइन टैरिफ 5 अप्रैल से लागू होगा जबकि 9 अप्रैल से पूरा टैरिफ (भारत के लिए 26 प्रतिशत अतिरिक्त या नया टैरिफ) वसूला जाएगा। ट्रंप के टैरिफ से भारत का कौनसा सेक्टर सबसे अधिक प्रभावित होगा, यह जानना जरूरी है। कृषि के इससे सबसे अधिक प्रभावित होने की संभावना है। इसके अंदर अगर डेयरी प्रोडक्ट की बात करें तो अभी इस पर 16.8 प्रतिशत का टैरिफ लगता है। 9 अप्रैल से इसमें 26 प्रतिशत और जुड़ जाएगा और कुल टैरिफ बढ़कर 42.8 प्रतिशत हो जाएगा। इसी तरह फल और सब्जी पर अभी 5.3 प्रतिशत का टैरिफ लगता है जो बढ़कर 31.3 प्रतिशत हो जाएगा। इलेक्ट्रॉनिक्स

**मान लो, चीन से कोई सामान 100 रुपए का आता था, अब वह 154 रुपए का होगा। अगर भारत वही सामान 130-135 रुपए में बेचे, तो अमेरिका भारत से सामान खरीदेगा, क्योंकि यह सस्ता होगा जिससे भारतीय कंपनियों को ज्यादा ऑर्डर मिलेंगे, नए रोजगार पैदा होंगे। भारत का निर्यात बढ़ेगा, जिससे अर्थव्यवस्था को फायदा होगा। आसान भाषा में अगर कहें तो अमेरिका ने चीन का सामान महंगा कर दिया है, इसलिए भारत अब उसकी जगह ले सकता है और अपना व्यापार बढ़ा सकता है। तुलनात्मक तरीके से देखें तो भारत का कपड़ा उद्योग अब बढ़त में है।**

पर भारत में 1.2 प्रतिशत का काफी कम टैरिफ लगता है, लेकिन 9 अप्रैल से बढ़कर यह 27.2 प्रतिशत हो जाएगा। यानी टैरिफ से भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में कुछ वक्त के लिए कमी आ सकती है। हमें स्मार्ट सप्लाई चेन पर ध्यान देना होगा। देश के फार्मा सेक्टर को बड़ी राहत मिली है। इसे ट्रंप ने टैरिफ के मार से दूर रखा है। भारत की कई बड़ी दवा कंपनियों की आधी कमाई अमेरिकी बाजार से होती है। रत्न और आभूषण सेक्टर को बड़ा झटका लगेगा। अभी इस पर अमेरिका में 5.5 से 13.5 प्रतिशत तक का टैरिफ लगता है। 9 अप्रैल से यह बढ़कर 31.5 से 39.5 प्रतिशत तक हो जाएगा। इसकी वजह से अमेरिका से मिलने वाले ऑर्डर पर बड़ा असर दिख सकता है। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक सांझेदार रहा है। अमेरिका भारत के कुल वस्त्र निर्यात का लगभग 18 फीसदी, आयात का 6.22 फीसदी और द्विपक्षीय व्यापार का 10.73 फीसदी हिस्सा रखता है। अमेरिका के साथ, भारत का 2023-24 में वस्त्रों में व्यापार अधिशेष (आयात और निर्यात के बीच का अंतर) 35.32 अरब डॉलर था। यह 2022-23 में 27.7 अरब डॉलर, 2021-22 में 32.85 अब डॉलर, 2020-21 में 22.73 अरब डॉलर और 2019-20 में 17.26 अरब डॉलर था। साल 2024 में अमेरिका को भारत के मुख्य निर्यात में दवा निर्माण और जैविक उत्पाद (8.1 अरब डॉलर), दूरसंचार उपकरण (6.5 अरब डॉलर), कीमती और अर्ध-कीमती पत्थर (5.3 अरब डॉलर), पेट्रोलियम उत्पाद (4.1 अरब डॉलर), सोना और अन्य कीमती धातु आभूषण (3.2 अरब डॉलर), कपास के रेडीमेड वस्त्र, जिसमें सहायक उपकरण शामिल हैं (2.8 अरब डॉलर) और लोहे और स्टील के उत्पाद (2.7 अरब डॉलर) शामिल थे। इसी तरह, आयात में कच्चा तेल (4.5 अरब डॉलर), पेट्रोलियम उत्पाद (3.6 अरब डॉलर), कोयला, कोक (3.4 अरब डॉलर), कटे और पॉलिश किए गए हीरे (2.6 अरब डॉलर), विद्युत मशीनरी (1.4 अरब डॉलर), विमान, अंतरिक्ष यान और उनके हिस्से (1.3 अरब डॉलर) और सोना (1.3 अरब डॉलर) शामिल थे। ट्रंप के टैरिफ बम से भारत को कुछ नुकसान हो सकते हैं। लेकिन एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार भारत 4 सेक्टरों में चीन को पीछे छोड़कर नंबर एक बन सकता है। यानी अमेरिका के इस कदम से भारतीय उद्योगों को फायदा भी मिल सकता है। ट्रंप के टैरिफ से चीन पर 54 फीसदी टैक्स लगेगा, जबकि भारत पर सिर्फ 27 फीसदी। मान लो, चीन से कोई सामान 100 रुपए का आता था, अब वह 154 रुपए का होगा। अगर भारत वही सामान 130-135 रुपए में बेचे, तो अमेरिका भारत से सामान खरीदेगा, क्योंकि यह सस्ता होगा जिससे भारतीय कंपनियों को ज्यादा ऑर्डर मिलेंगे, नए रोजगार पैदा होंगे। भारत का निर्यात बढ़ेगा, जिससे अर्थव्यवस्था को फायदा होगा। आसान भाषा में अगर कहें तो अमेरिका ने चीन का सामान महंगा कर दिया है, इसलिए भारत अब उसकी जगह ले सकता है और अपना व्यापार बढ़ा सकता है। तुलनात्मक तरीके से देखें तो भारत का कपड़ा उद्योग अब बढ़त में है, क्योंकि अमेरिका ने चीन और बांग्लादेश से आने वाले कपड़ों पर ज्यादा टैरिफ लगा दिए हैं। :: एजेंसी

# शोषित वर्गों के मसीहा डा. अम्बेडकर

14 अप्रैल 1891 को ब्रिटिश भारत के मध्य प्रांत में महू नामक स्थान पर एक ऐसे व्यक्ति का जन्म हुआ जिसका नाम भारत के इतिहास में बड़े अदब से लिया जाता है। अद्भुत प्रतिभा के धनी उस व्यक्तित्व ने अपने जीवन काल में न जाने कितने आयाम स्थापित किए। भारतीय संविधान के रचयिता व दलित एवं शोषित वर्ग की आवाज को बुलंद करने वाले, यह वह शख्सियत है जिसे भारतीय इतिहास में बाबा साहब डा. भीम राव अंबेडकर के नाम से जाना जाता है। डा. अंबेडकर का नाम किसी से छुपा नहीं है। देश ही नहीं, अपितु विदेशों में भी उनका नाम बड़े सम्मान से लिया जाता है। विश्वभर में उनकी सबसे ज्यादा मूर्तियां बनना इस बात की पुष्टि करता है। डा. अंबेडकर का जन्म रामजी सकपाल व भीमाबाई के घर में उनकी 14वीं संतान के रूप में हुआ। उनके पिता ब्रिटिश सेना में नौकरी करते थे तथा महू क्षेत्र सेना की छावनी हुआ करता था। उनका परिवार बहुत बड़ा होने के कारण लालन-पालन बड़ी मुश्किल से होता था। अत~ बाबा साहब के जीवन में प्रारंभ से लेकर उनके अंतिम समय तक संघर्ष रहा। उनका जन्म म्हार जाति में हुआ, जो उस समय एक अछूत जाति थी। जिसके कारण उनको छुआछूत का दंश झेलना पड़ा। बाल्यकाल से समाज में फैली अस्पृश्यता, छुआछूत तथा असमानता जैसी कुरीतियों के भुक्तभोगी होने के बावजूद बाबा साहब द्वारा अपने जीवन में अनेकों अनेक कीर्तिमान स्थापित करना अपने आप में उनके संघर्ष, लगन व चहुंमुखी व्यक्तित्व को प्रदर्शित करता है।



उन्होंने न केवल संघर्ष के दम पर अपनी अलग पहचान बनाई, अपितु समाज के शोषित वर्ग को नई दिशा दिखाने का भी काम किया। स्कूल के समय में भी उन्होंने न जाने किस-किस रूप में जातिगत अस्पृश्यता एवं भेदभाव का सामना किया। उन्हें स्कूल में अकेले एक कोने में बैठा दिया जाता था, यहां तक कि एक नल से पानी पीने तक पर प्रतिबंध था। यह भेदभाव उनके मानसिक पटल पर समाज की इस अमानवीय व्यवस्था के प्रति अमिट छाप छोड़ गया। फिर भी, बाबा साहब ने हार न मानी, नित निरंतर पढ़ाई के रास्ते पर आगे बढ़ते गए। वो प्राय~ अपनी बहन को उनके साथ होने वाले भेदभाव के पीछे का कारण पूछते रहते, लेकिन कभी भी कहीं से उन्हें संतोषजनक उत्तर नहीं मिल पाया। अंतत~ उन्होंने शिक्षित होकर इस दमन के खिलाफ लडने का फैसला लिया। हालांकि समाज में दलित एवं शोषित समाज का प्रत्येक व्यक्ति इस भेदभाव का शिकार रहा, तथा सभी अपने-अपने स्तर पर लड़ते रहे, लेकिन डा. अंबेडकर ने शोषण के खिलाफ जिस स्तर पर संघर्ष किया, वह उन्हें दूसरों से पृथक करता है। डा. अंबेडकर एक होनहार छात्र थे। इसलिए उनके बचपन के गुरु श्री कृष्ण केशव अंबेडकर ने उनको शिक्षा में काफी प्रोत्साहित किया, जिसके कारण बाबा साहब को कहीं न कहीं शोषित समाज में उम्मीद की किरण दिखी, जो अथक प्रयासों, संघर्षों और कुर्बानियों से एक ज्वाला बनकर उभरी तथा शोषण के विरुद्ध वर्तमान में भी जलती नजर आती है। उनका एक प्रसिद्ध वाक्य 'बुद्धि का विकास मनुष्य जीवन का अंतिम लक्ष्य होना चाहिए', सही मायने में उनकी पढने-लिखने की उत्कंठा को दर्शाता है। उनके शिक्षा के प्रति आवेग को न तो कोई मुसीबत रोक पाई, न ही सामाजिक शोषण। बाबा साहब की यह उत्कंठा महू से शुरू होकर विश्व के नामचीन विश्वविद्यालयों में जाकर पूर्ण हुई। अपनी इस उत्कंठा के चलते उन्होंने 32 विषयों में स्नातकोत्तर ड्रिग्री व विभिन्न भाषाओं का ज्ञान अर्जित किया। उन्होंने एलफिंस्टन कॉलेज से अर्थशास्त्र व राजनीति विज्ञान में स्नातक की डिग्री प्राप्त की, तत्पश्चात कोलंबिया विश्विद्यालय से अर्थशास्त्र में स्नातकोतर डिग्री व प्रसिद्ध लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। उनका सीखने का जुनून यहीं खत्म नहीं हुआ, इसलिए समाजशास्त्र, दर्शनशास्त्र, मानवशास्त्र, राजनीतिशास्त्र एवं विधि सहित 32 विषयों में स्नातकोतर की डिग्री पूर्ण करके भी कीर्तिमान स्थापित किया। उनकी शिक्षा ग्रहण करने में भी जातिगत भेदभाव साफ नजर आता है, जब उन्हें अछूत होने के कारण संस्कृत भाषा का अध्ययन करने से वंचित रखा गया।

# भौतिक चकाचौंध व सोशल मीडिया से बढ़ रहे रिश्तों के कत्ल

विश्व को वसुधैव कुटुम्बकम की सीख देने वाले भारत जैसे आध्यत्म और शांति की धरा वाले देश में बढ़ती भौतिक विलासिता की चकाचौंध और सोशल मीडिया का जिन्दगी में बढ़ता दखल, पारिवारिक-सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर रहा है। संबंधों में तकरार और फिर नृशंस तरीके से हत्या जैसे मामलों ने देश को झकझौर कर रख दिया है। मेरठ की मुस्कान ने अपने प्रेमी साहिल के साथ मिलकर अपने पति सौरभ राजपुत की हत्या कर दी। ऐसे ही मुजफ्फरनगर की पिंकी ने अपने आशिक के लिए अपने पति अनुज को जहर पिलाकर मार दिया। रिश्तों में हत्या का ऐसा ही प्रकरण बेंगलुरू में देखने को मिला, वहां के हुलीमावु क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या करके उसकी बॉडी को सूटकेस में भर दिया।

देश के अलग-अलग शहरों में हो रही ऐसी हत्याओं ने देश की जनता को पूरी तरह से हिलाकर रख दिया। आखिर ये सिलसिला कहां जाकर थमेगा? इन घटनाओं ने सोचने-समझने के लिए मजबूर कर दिया है कि आखिर यह देश किस दिशा में जा रहा है। पिछले कुछ वक्त से देश के अलग-अलग हिस्सों से ऐसी खबरें आ रही हैं, जिनमें पति पत्नी का और पत्नी पति का कत्ल कर देती है। संयुक्त राष्ट्र मादक पदार्थ एवं अपराध कार्यालय की रिपोर्ट की एक रिपोर्ट के मुताबिक साल 2023 में दुनिया भर में कुल 51 हजार 100 महिलाओं और लड़कियों का कत्ल हुआ है। इनमें से 60 फीसदी के करीब कत्ल महिलाओं या लड़कियों के अपने पार्टनर, पति या फैमिली मेंबर ने किया। एक रिपोर्ट

**पिछले 15 सालों के आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो साफ पता चलता है कि जैसे जैसे सोशल मीडिया का चलन बढ़ा पति पत्नी के रिश्ते, शादी के बाद के संबंध और इश्क और खूनी होता चला गया। आंकड़ों के हिसाब से 2010 से 2014 के दरम्यान लव अफेयर और संबंधों की वजह से होने वाले कत्ल का प्रतिशत 7 से 8 फीसदी था।**

कहती है कि देश भर में हर साल औसतन 225 लोगों को उनकी पत्नियां कत्ल कर देती हैं और लगभग 275 पत्नियां अपने पति के हाथों मारी जाती हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर में हर ग्यारवें मिनट में एक महिला या लड़की का कत्ल होता है। इनमें से औसतन हर रोज 140 महिलाओं या लड़कियों का कत्ल उनके घर के अंदर होता है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन और लंदन स्कूल ऑफ हाइजिन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन एंड साउथ एफ्रिकन मेडिकल रिसर्च काउंसिल की रिपोर्ट कहती है वर्ष 2022 में दुनिया भर में कुल 48 हजार 800 महिलाओं और लड़कियों के कत्ल हुए थे और इनमें से भी 60 फीसदी से ज्यादा कत्ल पार्टनर, पति या फैमिली मेंबर ने ही किए थे। वर्ष 2022 में ऐसे अपराधों के मामलों में अफ्रीका पहले नंबर पर था और एशिया दूसरे नंबर पर। ऐसे अपराधों में अब 2023 में एशिया पहले नंबर पर है और अफ्रीका दूसरे नंबर पर है। आंकड़ा कहता है कि पार्टनर पति या रिलेशनशिप में दुनिया भर में जितने कत्ल होते हैं, उसकी 58 फीसदी शिकार महिलाएं या लड़कियां होती हैं। लेकिन चौंकाने वाला आंकड़ा ये भी है कि इसी पार्टनर और रिलेशनशिप की वजह से 42 फीसदी पुरुषों का भी कत्ल होता है। अर्थात यह अंतर ज्यादा नहीं है। ब्रिटिश मेडिकल जनरल लेनसेट में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 60 फीसदी महिलाओं के कत्ल मौजूदा या फिर पूर्व पार्टनर की वजह से होती है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया भर में महिलाओं के कत्ल का सबसे ज्यादा खतरा उन्हीं के मौजूदा या पूर्व पार्टनर से ही होता है। जबकि पूर्व या मौजूदा महिला पार्टनर के हाथों पुरुषों के कत्ल का प्रतिशत सिर्फ साढ़े 6 फीसदी है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के मुताबिक देश में हर साल कितने पति अपनी पत्नी का या पत्नी अपने पति का कत्ल करती हैं। एनसीआरबी के 2022 के आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि इश्क और रिश्तों में लोग अब जान नहीं देते बल्कि जान लेते हैं। भारत में जिन वजहों से सबसे ज्यादा कत्ल होते हैं। उनमें लव अफेयर और शादी के बाद संबंधों के मामलों में होने वाला कत्ल तीसरे और चौथे नंबर पर आता है। देश में होने वाले हर 10 में से औसतन एक कत्ल किसी ना किसी आशिक-माशूक या पति-पत्नी के हाथ से ही होता है। आंकडों के मुताबिक पूरे देश में कुल 28 हजार 522 कत्ल के मामले सामने आए। ये तमाम कत्ल 19 अलग अलग वजहों से हुए। मसलन, निजी दुश्मनी, सांप्रदायिक और धार्मिक वजह, राजनीतिक वजह, डायन प्रथा, जातिवाद, विवाद, या लूट-डकैती। परेशान करने वाली बात यह है कि इन 19 वजहों में से तीसरी और चौथी नंबर पर कत्ल की जो वजह बनी वो इश्क, धोखा, फरेब और शादी के बाद के संबंध थे। 28 हजार 522 कत्ल के कुल मामलों में से कुल 2 हजार 821 कत्ल इसी वजह से हुए। ऐसा नहीं है कि इश्क में पहले कत्ल नहीं हुआ करते थे। :: चर्चित डेस्क

## आज का राशिफल

**मेषः**- जीवन में सही लक्ष्य व सुदृढ़ता को सुनिश्चित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंधी से विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होने के आसार हैं।

**वृषभः**- हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व बुद्धिजीवियों से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें। नये व्यावसायिक यात्राएं करनी होंगी।

**मिथुनः**- निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुन्दर छवि बनावें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनचर्या के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**कर्कः**- भविष्य के प्रति मन में चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का ठीक ढंग से निर्वहन् करें। वर्तमान कार्य से मन में असन्तुष्टि उत्पन्न होगी। आलस्य का त्याग करें।

**सिंहः**- पारिवारिक दायित्वों की चिंता उत्पन्न होगी। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति ध्यान देवें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्याः**- छोटी-छोटी पारिवारिक बातों को बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन सगे-संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाएं याद आएंगी।

**तुलाः**- वक्त के साथ समझौता कर चलने की चेष्टा करें। अपने कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझे और अपने को उसी दिशा की ओर केंद्रित करें। रोजगार में अपनी क्षमता का पूर्ण लाभ उठाएंगे।

**वृश्चिकः**- कोई छोटी बात भी परिवार के तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता नये उत्साह का संचार करेगी। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी। भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुर बनेंगे।

**धनुः**- किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धिमत्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकरः**- बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिला-जुला संजोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी। घर में खुशहाल स्थिति प्रसन्न रखेगी।

**कुंभः**- शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

**मीनः**- महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुष्टि पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा।



राशि रत्न

# वज्रपात व आंधी, तूफान से बचाव को लेकर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने एडवाइजरी जारी की

## खराब मौसम में बच्चों को बाहर न खेलने दें, लोहे की खिड़की, दरवाजे व हैण्डपम्प आदि न छुएं

चर्चित राजनीति। संवाददाता



**हरदोई।** जिलाधिकारी मंगल प्रसाद सिंह के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) प्रियंका सिंह एवं आपदा विशेषज्ञ ने जानकारी देते हुए बताया कि आंधी तूफान एवं खराब मौसम में आकाशीय बिजली गिरने/वज्रपात की घटनाएं घटित होने की संभावनाएं काफी बढ़ जाती हैं, जिससे जनहानि एवं पशु हानि व मकान क्षति तथा व्यक्ति के घायल होने की घटनाए होती हैं तथा उपरोक्त के परिप्रेक्ष्य में आम जनमानस से अपील करते हुये निम्न सावधानियां बरतने को कहा गया है।आकाशीय विद्युत के परिप्रेक्ष्य में सावधानियों हेतु क्या करें- पक्के मकान की शरण में चले जाएं, खिड़की, दरवाजे एवं बरामदे से दूर रहें, पेड़, मोबाइल टावर, बिजली के खंभों, कच्चे मकान, तालाब, जलाशय से दूरी बना कर रखें। खराब मौसम में बच्चों को बाहर न खेलने दें, लोहे की खिड़की, दरवाजे व हैण्डपम्प आदि को न छुएं। यदि खुले खेत में फंस गये हैं तो दोनों कानों को बंद कर पैरों को सटा लें तथा घुटनों का टेक लेकर उकड़ू बैठ जाएं। वर्षा, आंधी तूफान, आकाशीय बिजली एवं बदलते मौसम का सटीक पूर्वानुमान देगा बहुउपयोगी सचेत एप एवं दामिनी एप जिससे कि प्रशासन, स्वयंसेवक तथा जागरुक लोगों द्वारा पूर्व चेतावनियों एवं अलर्ट को आम जनमानस तक समय से पहुचांकर आपदा से होने वाली क्षति को कम किया जा सकता है। गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है दामिनी ऐप एवं सचेत एप। आकाशीय विद्युत के परिप्रेक्ष्य में सावधानियों हेतु क्या न करें।

पेड़ के नीचे न खड़े हों, दीवार के सहारे टेक न लगायें, धातु युक्त नल एवं फ्रिज को न छुएँ, धातु से बने छाते का प्रयोग न करें, घरों में चलने वाले भारी विद्युत उपकरणों को प्लग से अलग कर दें। खुल वाहनों मे सवारी न करें, बचाव के लिए जमीन पर न लेटें तथा तैराकी या नौकायन न करें। टिन की छत, होर्डिंग, क्षतिग्रस्त मकान, पेड़, बिजली के खंभे एवं मोबाइल टावर से दूर रहें। घर के बाहर या छत पर रखी हुई भारी वस्तुएं उड़ सकती हैं, इसलिये उन्हें बांधकर रख दें। यात्रा कर रहे हैं तो सुरक्षित स्थान देखकर रुक जाएं। आँधी तूफान के दौरान सावधानियों हेतु क्या न करें। धारदार एवं नुकीली वस्तुओं को खुले में न रखें, पेड़ की शरण में न जायें।

**भारत सरकार की योजनाओं का लाभ एवं सामाजिक सुरक्षा प्राप्त करने हेतु ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण करायें :** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने अवगत कराया है कि विभिन्न सेवा प्रदान करने वाले वर्कस को श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार निर्देशानुसार सामाजिक सुरक्षा देने के लिए ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण कराये जायेगें, जिसके माध्यम से उन्हें श्रम विभाग की श्रमिकों हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलेगा। इस सम्बन्ध में सहायक श्रमायुक्त सत्यबीर सिंह ने प्लेटफार्म वर्कस श्रेणी तथा ई-श्रम पंजीकरण के बारे में बताया है कि प्लेटफार्म वर्कस की श्रेणी में फ्रीलांसर, स्वतंत्र रूप से काम करने वाले वर्कस, गिग वर्कस में अस्थायी या अल्पकालिक काम करने वाले, आफनलाइन प्लेटफार्म वर्कस में फ्रीलांसर, ऑनलाइन टयूटर आदि, एग्रीगेटर प्लेटफार्म वर्कर्स में ओला, उबर, जोमैटो आदि के लिए काम करने वाल वाहन चालक या डिलीवरी बॉय तथा ई-श्रम पंजीकरण में सरकार विभिन्न योजनाओं के लाभ हेतु ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत वर्कर्स विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं, सामाजिक सुरक्षा में पंजीकरण प्लेटफार्म वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा कवरेज मिलेगा, नौकरी के अवसर हेतु पोर्टल पर पंजीकरण से प्लेटफार्म वर्कर्स को नौकरी के अवसरो की जानकारी दी जायेगी। उन्होने बताया है कि इच्छुक वर्कर्स जिनकी आयु 16 से 59 वर्ष के बीच हो वह ई-श्रम पोर्टल register.eshram.gov.in पर आधार कार्ड, मोबाइल नम्बर एवं बैंक खाता विवरण सहित ऑनलाइन पंजीकरण करायें और यूएएन नम्बर प्राप्त करें तथा अधिक जानकारी के लिए सहायक श्रमायुक्त कार्यालय, सिनेमा चौराहा पर सम्पर्क करें।

### मुख्यमंत्री के सम्भावित आगमन की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी किया कार्यक्रम स्थल का दौरा

**हरदोई, चसं।** मुख्यमंत्री जी के संभावित आगमन के दृष्टिगत जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह व पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने कार्यक्रम स्थल रूईयागढ़ी का दौरा किया। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकीरी बिलग्राम पूनम भास्कर को निर्देश दिये कि समस्त तैयारियां ससमय पूर्ण कर ली जाये तथा कार्यक्रम स्थल के आस-पास की झाड़ियों की सफाई करायें और आवश्यकतानुसार सड़कों की मरम्मत कार्य करा लिया जाये। जिलाधिकारी ने राजा नरपत सिंह स्मारक समिति के सदस्यों के साथ तैयारियों को लेकर बातचीत की। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## नारायण सिंह पीजी कालेज में विधानसभा सक्रिय सदस्य सम्मेलन सम्पन्न



चर्चित राजनीति। संवाददाता

**शाहाबाद/ हरदोई।** ककरघटा स्थित नारायण सिंह पीजी कालेज में विधानसभा सक्रिय सदस्य सम्मेलन सम्पन्न हुआ। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मंत्री रजनी तिवारी ने कहाप्रयागराज से जिलों तक हर सनातनी को संगम का जल उपलब्ध कराकर भाजपा के कार्यकर्ता अभिभूत हैं। इसके पहले कोबिड 2019 के समय पूरे विश्व ने भाजपा की सेवा भावना को बहुत नजदीक से देखा था।

2017 के विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेया के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य प्रदेश अध्यक्ष थे, उनके नेतृत्व में पार्टी ने 312 सीटों पर विजय प्राप्त की थी। महाकुंभ 2025 में देश-विदेश से 66 करोड़ 30 लाख श्रद्धालुओं का आगमन हुआ । रामायण परिपथ, बौद्ध परिपथ, आध्यात्मिक परिपथ, शक्तिपीठ परिपथ, कृष्ण/ब्रज परिपथ, बुंदेलखंड परिपथ, महाभारत परिपथ, क्राफ्ट परिपथ, स्वतंत्रता संग्राम परिपथ, जैन परिपथ एवं वाइल्डलाइफ एंड इको टुरिज्म परिपथ का विकास किया गया। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष रामबहादुर सिंह, कार्यक्रम संयोजक/जिला उपाध्यक्ष प्रीतेश दीक्षित, महामंत्री सत्येंद्र सिंह राजपू, अन्य सम्मानित पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्षगण, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण तथा ब?ी संख्या में सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे।

## पत्रकार के पुत्र का सर्वोदय विद्यालय में चयन, लोगों में हर्ष



**हरदोई, चसं।** जनपद के हरपालपुर कस्बा निवासी पत्रकार के पुत्र का चयन सर्वोदय विद्यालय में होने पर परिजनों सहित रिश्तेदारों में खुशी का माहौल है।सर्वोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में 77 प्रतिशत अंक हासिल कर समस्त क्षेत्रवासियों को गौरवांवित किया है। हरपालपुर कस्बा निवासी पत्रकार बद्री चौहान के बेटे अक्षत सिंह ने कछौना के जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय में कक्षा 6 में दाखिला लेने के लिए प्रवेश परीक्षा में भाग लिया था। जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय कछौना की तरफ से जारी परीक्षा परिणाम में अक्षत सिंह सफलता हासिल करते हुए क्षेत्र को गौरवांवित किया है।अक्षत ने 100 अंकों की आयोजित प्रवेश परीक्षा में 77 अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।अक्षत सिंह कस्बे के जीनियस पब्लिक हायर सेकंडरी विद्यालय में कक्षा 5 के छात्र हैं।अक्षत का चयन जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय में होने के बादअब वह कक्षा 5 से आगे के पढ़ाई इसी विद्यालय में करेंगे। इस मौके पर अक्षत को पारिवारिक जनों सहित गुरुजनों व रिश्तेदारों के अलावा पत्रकारों व शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं की हैं।

## बाजार में मिली दो वर्षीय बालिका को पुलिस ने परिजनों के किया सुपुर्द



**हरदोई, चसं।** जनपद के पिहानी थाना क्षेत्र के कस्बे के सर्राफा मार्केट में दो वर्षीय बालिका लावारिस हालत में मिलने की सूचना पर पुलिस ने बच्ची को बरामद कर उसके माता पिता को ढूंढकर कानूनी कार्यवाही पूर्णकर उनके सुपुर्द किया है।प्राप्त विवरण में 09 अप्रैल को थाना पिहानी पर सूचना प्राप्त हुई कि थाना पिहानी पुलिस को पैदल गस्त के दौरान सर्राफा मार्केट में एक 02 वर्षीय बच्ची रोते हुए मिली जोकि अपने परिजनों से बिछड गयी थी। थाना पिहानी की महिला उपनिरीक्षक दीक्षा द्वारा गुमशुदा बच्ची को थाने पर लाया गया एवं चाइल्ड हेल्पलाइन को सूचित किया गया। थाना पिहानी पुलिस द्वारा स्थानीय व्यक्तियों व सोशल मीडिया आदि के माध्यम से बच्ची के परिजनों का पता लगाया गया तथा विधिक कार्यवाही पूर्ण होने के उपरांत बच्ची को सकुशल परिजनों को सुपुर्द किया गया। परिजनों द्वारा थाना पिहानी पुलिस टीम का धन्यवाद व्यक्त एवं आभार प्रकट किया गया।

## पुरातत्व विभाग व नगर पालिका के पेंच में फंस गया ऐतिहासिक पक्का तालाब

चर्चित राजनीति। संवाददाता



**हरदोई।** जनपद के पिहानी कस्बे के ऐतिहासिक रौजा सदर जहां व पक्का तालाब के सौंदर्य करण का मामला पुरातत्व विभाग व नगर पालिका परिषद के पेंच में फस गया है। दोनों विभाग सौंदर्यी करण के लिए अपना अपना दावा ठोकते हैं, परंतु हकीकत कुछ और ही बयां करती है।

कस्बे की पहचान रहे ऐतिहासिक तालाब आज अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहे हैं। मुगल शासनकाल में बने प्राचीन पक्के तालाब का अस्तित्व खतरे में है। पुरातात्विक महत्व की इन धरोहरों के सुंदरीकरण को लेकर शासन कितना संजीदा है, इसका अंदाजा यहां आकर लगाया जा सकता है। तालाब के आसपास गंदगी, कचरे के ढेर ,पानी पर जमीं काई और बदबू, नाक पर रुमाल रखकर लौट चलने को मजबूर कर देते हैं। कस्बे में पक्कातालाब का अलग ही महत्व था, लोग कपड़ा धोने, स्नान करने, मवेशियों को पानी पिलाने, गर्मी के दिनों में शाम को सकून के कुछ पल बिताने के लिए यहां जाते थे। समय का दौर कुछ ऐसा आया कि अब इन तालाब का अस्तित्व ही मिटता जा रहा है। प्राचीन धरोहर का अस्तित्व बचाने के लिए तमाम मांगों के बावजूद शासन व प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। 30 लाख से पक्के तालाब की लाइटिंग, मनोहरी छटा, बेंच सौंदर्य करण की चर्चा सुन कस्बे के लोगों को कुछ आस जगी थी परंतु वह फ्लॉप हो गया। नगर पालिका परिषद के खाते पर 30 लाख रुपया आज भी है ,परंतु पुरातत्व विभाग व नगर पालिका की दावेदारी की चलते सौंदर्य करण नहीं हो पाया। तालाब की दुर्दशा इस कदर है कि लोग बैठना तो दूर उधर निहारना भी पंसद नहीं करते है। मोहल्ले निवासियों के अनुसार पकड़िया , नीम , चांदनी जैसे पेड़ों में कीड़े लग गए हैं। यह कीड़े घरों में बने भोजन,पीने के पानी तक में पहुंच रहे हैं। बीमारी का डर सता रहा है।तालाब की गंदगी की वजह से घरों में मच्छर पनपते है। इसके चलते हम सबको मलेरिया , डेंगू व कोरोना जैसी बीमारी का डर लगा रहता है।

## गैंगस्टर में वांछित दस हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार, गया जेल



चर्चित राजनीति। संवाददाता

**शाहाबाद/ हरदोई।** कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक द्वारा 17 मार्च को 5 लोगों के विरुद्ध गैंगस्टर अधिनियम में लिखाई गई रिपोर्ट के मामले में कोतवाली पुलिस ने एक नामजद वांछित दस हजार के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।पाली पुलिस उक्त मामले में दो आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।प्राप्त विवरण में 17 मार्च को थाना प्रभारी द्वारा तारीक पुत्र जमालूद्दीन निवासी हुसेपुर कर्माया थाना बेहटा गोकुल,रिजवान पुत्र साविर निवासी मलकापुर, सलमान पुत्र इसरार निवासी ग्राम जमूरा थाना मंझिला सहित 05 लोगों के विरुद्ध आर्थिक एवं भौतिक लाभ के उद्देश्य से संगठित रुप से गिरोह बनाकर चोरी करने जैसे जघन्य अपराध करने/समाज विरोधी क्रियाकलापों में लिप्त रहने के सम्बन्ध में थाना शाहाबाद पर गैंगस्टर अधिनियम पंजीकृत किया गया था।थाना शाहाबाद के उपनिरीक्षक अमित कुमार, विपिन चंद व पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से संबंधित नामजद अभियुक्त तारीक पुत्र जमालूद्दीन को गिरफ्तार किया गया है। थाना पाली पुलिस द्वारा उपरोक्त अभियोग से संबंधित रिजवान पुत्र साविर निवासी मलकापुर और सलमान पुत्र इसरार निवासी ग्राम जमूरा थाना मंझिला को पूर्व में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय अभिरक्षा में भेजा जा चुका है।पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन द्वारा वांछित तारीक की गिरफ्तारी हेतु 10,000 रुपये का ईनाम घोषित किया गया था।पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया है।

## पुलिस ने मारपीट के मामले में तीसरे आरोपी को किया गिरफ्तार



चर्चित राजनीति। संवाददाता

**हरदोई।** जनपद के सांडी थाना क्षेत्र के ग्राम मुरौली कठेरियान में 15 फरवरी को एक परिवार के साथ मारपीट कर सबको घायल करने के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्त में लिया है।

पुलिस दो आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर चुकी है।प्राप्त विवरण में 15 फरवरी को अखिलेश पुत्र शिवपाल निवासी ग्राम मुरौली कठेरियान द्वारा थाना सांडी पर तहरीर दी गयी कि संदीप कुमार पुत्र सुशील कुमार निवासी ग्राम परसापुर थाना सांडी व 08 अन्य व्यक्तियों द्वारा उसके व उसके परिजनों के साथ गाली-गलौज एवं मारपीट की गयी। इस संबंध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना सांडी पुलिस ने नौ लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी।थाना सांडी उपनिरीक्षक सूर्यमणि यादव द्वारा उपरोक्त अभियोग से संबंधित नामजद तीसरा आरोपी संदीप कुमार पुत्र सुशील कुमार को गिरफ्तार किया गया।पुलिस दो आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा चुका है। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की है।

# संक्षिप्त समाचार

## होम्योपैथी के जनक महात्मा हैनिमैन का 270 वां जन्मदिन मनाया गया

**हरदोई, चसं।** होम्योपैथी विभाग द्वारा होम्योपैथी के जनक महात्मा हैनिमैन का 270वां जन्मदिन विश्व होम्योपैथी दिवस के रूप में मनाया गया तथा जनपद से मार्च में सेवानिवृत्त हुए पूर्व जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ प्रदीप कुमार द्विवेदी का विदाई कार्यक्रम व नयी जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ मधु बाजपाई का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संयुक्त निदेशक डॉ पी के अंबेडकर व विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ ए पी सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ निधि गर्ग ने की व संचालन डॉ रेनू द्विवेदी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ पी के अंबेडकर व डॉ ए पी सिंह, डॉ आदर्श कुमार सिंह व डॉ मयंक शुक्ल के द्वारा सम्पादित ई -मैगजीन द नेचर्स पैनेसिया के तृतीय अंक का विमोचन किया गया। इस अंक में जनपद में होम्योपैथी विभाग के द्वारा उपचारित अनेक जटिल व असाध्य रोगों के उपचार का प्रमाण सहित विवरण है। अंत में प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ हरदोई यूनिट के अध्यक्ष डॉ श्रीनारायण यादव व सचिव डॉ राजेश गौतम के द्वारा सभी का धन्यवाद् ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में डॉ दिनेश , डॉ मनोज , डॉ अरुण ,डॉ दीपक , डॉ अभय , डॉ प्रदीप ,डॉ गोपेन्द्र , डॉ नेहा , डॉ ममता व् डॉ माधुरी आदि मौजूद रहे।

## पुलिस कांस्टेबल का नारे लगाते हुए सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल



**हरदोई, चसं।** हरदोई में एक पुलिस कांस्टेबल का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वीडियो में वर्दीधारी कांस्टेबल भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन के स्वागत में नारे लगाता दिख रहा है। कांस्टेबल भूपेन्द्र चौहान भाजपा जिलाध्यक्ष की सुरक्षा में तैनात था। वीडियो में वह हाथ उठाकर बब्बन दादा जिंदाबाद के नारे लगा रहा है। मामला सामने आने के बाद राजनीतिक और प्रशासनिक गलियारों में हलचल मच गई। समाजवादी पार्टी के नेताओं ने कड़ी आपत्ति जताई। उनका कहना है कि कानून की रक्षा करने वाले का इस तरह का व्यवहार जनता का भरोसा तोड़ता है। क्षेत्राधिकारी लाइन ने मामले की रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक को भेजी। एसपी नीरज कुमार जादौन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरक्षी भूपेन्द्र चौहान को निलंबित कर दिया। उनके खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है। एसपी ने जिले के सभी पुलिसकर्मियों को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि कर्तव्यों में लापरवाही और राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## वृद्धाश्रम अल्लीपुर का अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया औचक निरीक्षण

**हरदोई, चसं।** जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई संजीव शुक्ला के आदेशानुसार अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई श्री भूपेन्द्र प्रताप वृद्धाश्रम अल्लीपुर का निरीक्षण किया गया। अपर जिला जज द्वारा वृद्धाश्रम अल्लीपुर में रह रहे वरिष्ठ नागरिको से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली गई और कहा कि अपने जीवन मे उत्साह बनाये रखिये और खुश रहिये और सारी चिंताए छो? दीजिए साथ रह रहे लोगो से मेलजोल ब?ाइए। अपर जिला जज द्वारा वृद्धाश्रम प्रशासन आवश्यक को वस्तुओं की पूर्ति हेतु निर्देशित किया तत्पश्चात वृद्धाश्रम हेतु नवीन निर्माणाधीन भवन का भी निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान वृद्धाश्रम अधीक्षिका व स्टाफ तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के लिपिक अभिषेक अवस्थी उपस्थित रहे।

## किन्नर से तीन साल बाद मां ने वापस मांगी बेटियां, थाने में किन्नर ने वीडियो बनाकर बेटियों को किया वापस

**हरदोई, चसं।** जिले में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है, जिसमें तीन साल पहले अपनी बेटियों को किन्नर के पास छोड़ने वाली मां ने अब उन्हें वापस लेने की कोशिश की। आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण पूजा तिवारी ने अपनी दोनों बेटियों को बालामऊ निवासी किन्नर चुलबुली गुरुमाया को सौंप दिया था। अब, तीन साल बाद पूजा तिवारी ने अपनी बेटियों को वापस मांगा और किन्नर ने थाने में वीडियो बनाकर दोनों बेटियों को वापस किया।

वीडियो में किन्नर चुलबुली गुरुमाया ने बेटियों को थाने में मां के हवाले किया, लेकिन वीडियो बनाने के दौरान पुलिसकर्मी का कोई भी सदस्य वहां दिखाई नहीं दिया। वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया, जिससे यह मामला और भी सुर्खियों में आ गया। पुलिस ने इस मामले में एक्शन लेते हुए संतरी पहरे के दौरान लापरवाही को लेकर जांच की बात कही है और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई का संकेत दिया है। पुलिस का कहना है कि ड्यूटी पर तैनात संतरी की लापरवाही के कारण ही यह घटना थाने में हुई, जहां किसी भी पुलिस कर्मी ने उचित निगरानी नहीं रखी। फिलहाल मामले की जांच जारी है और पुलिस उचित कदम उठाने की तैयारी में है।

## खुद की जगह दूसरे को परीक्षा में बैठाने वाला आरोपी गिरफ्तार



**हरदोई , चसं।** जनपद के मल्लावां थाना क्षेत्र के राघवपुर में हाई स्कूल की परीक्षा में अपने स्थान पर सालवर को परीक्षा कक्ष में बैठाने वाला आरोपी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही कर रही है। प्राप्त विवरण में 4 मार्च को आफाक हुसैन पुत्र नसरत हुसैन निवासी ग्राम हीरा रोशनपुर थाना बिलग्राम द्वारा थाना मल्लावां पर तहरीर दी गयी कि उनके विद्यालय हजरत सैयदना आलम शाह मेमो0 हाई स्कूल राधवपुर में हाई स्कूल परीक्षा की प्रथम पाली में केन्द्र व्यवस्थापक व सचल दल द्वारा चेकिंग के दौरान वास्तविक परिक्षार्थी के स्थान पर दूसरे छात्र को परीक्षा देते हुए पकड़ा गया है। इस संबंध में थाना पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध सार्वजनिक परीक्षा अध्यादेश 2024 पंजीकृत किया था।थाना मल्लावां के उपनिरीक्षक सुनील कुमार द्वारा उपरोक्त अभियोग से संबंधित वांछित असली परीक्षार्थी संदीप पुत्र डालचंन्द्र निवासी निवासी ग्राम मढ़िया बिराईचमऊ थाना मल्लावां को गिरफ्तार किया गया।पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की है।

## वाहन चेकिंग के नाम पर की जा रही धन उगाही

**हरदोई, चसं।** जनपद के माधौगंज थाना क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कस्बे के चौराहे पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। लेकिन उनके द्वारा वाहन चालान के नाम पर धन उगाही की चर्चा आम हो गई है। पुलिसकर्मियों की इस कार्यशैली से लोगो मे आक्रोश व्याप्त है। गुरुवार को कस्बे के एक युवक बाइक से जा रहा था। सब इंस्पेक्टर सुरेंद्र यादव का कहना था कि युवक की बाइक पर चार लोग सवार थे। उसे दौड़ाकर आधा दर्जन सिपाहियों ने बघौली मार्ग एक पैथालॉजी के निकट पकड़ा। युवक नीचे खड़ा था। युवक ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह बाइक पर बैठे न बैठने पर उसके साथ पुलिसकर्मियों ने हाथापाई की है। वह मोबाइल से वीडियो बनाने लग तब उन्होंने उसे छोड़ दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### आईटीआई अलीगंज में टाटा मोटर्स के कैम्पस ड्राइव में 92 अभ्यर्थियों को मिला रोजगार

**लखनऊ, चसं।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज लखनऊ में आज मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के अन्तर्गत टाटा मोटर्स ने कैम्पस ड्राइव, शिशिक्षु मेले का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने किया। उन्होंने प्रशिक्षार्थियों को मेहनत व लगन के साथ कार्य कर संस्थान का नाम रोशन करने हेतु प्रेरित किया तथा टाटा मोटर्स के प्रतिनिधि अनुज वर्मा से आग्रह किया कि अधिक से अधिक अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएं।ट्रेनिंग, काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी एमए खाँ के मुताबिक कैम्पस ड्राइव में कुल 183 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से 125 अभ्यर्थी चयन की प्रक्रिया हेतु अर्ह पाए गए। साक्षात्कार के उपरांत 92 अभ्यर्थियों को नौकरी का प्रस्ताव दिया गया। चयनित अभ्यर्थियों को शिशिक्षु के रूप में13,060 रूपये प्रतिमाह स्टाइपेंड तथा अस्थायी कामगार के रूप में 14,827 रूपये प्रतिमाह वेतन के अतिरिक्त अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी। जो अभ्यर्थी इस प्रक्रिया में चयनित नहीं हो सके, वे 15 अप्रैल को आयोजित होने वाले आगामी कैम्पस ड्राइव में प्रतिभाग कर सकते हैं।

### अब राजस्थान में भी मिलेंगे एनर्जी के इनोवेटिव और ईको-फ्रेंडली सॉल्यूशंस

**जयपुर, एजेंसी।** एनडीटीएच ग्रुप की सदस्य कंपनी एनर्जी भारत में इंजन केयर के क्षेत्र में बदलाव ला रही है। महाराष्ट्र और तेलंगाना में सफल संचालन के बाद, कंपनी ने अब राजस्थान में विस्तार कर रही है, जो इसकी विकास रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह विस्तार मार्च 2025 तक पूरी तरह से संचालन में आ जाएगा। एनर्जी लुब्रिकेंट्स के एमडी और को-फाउंडर नवकरण सेठी ने कहा, राजस्थान में हमारा विस्तार भारत में इंजन केयर के लिए अग्रणी ब्रांड बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। स्थिरता और उत्कृष्टता हमारी संचालन नीति के केंद्र में है, और हमें पूरा भरोसा है कि एनर्जी राजस्थान में ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ पर्यावरणीय जिम्मेदारी को भी निभाएगा। यह कदम हमारे इनोवेटिव और ईको-फ्रेंडली सॉल्यूशंस को पूरे देश और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों तक पहुँचाने के दृष्टिकोण को और भी मजबूत करता है। एनर्जी अब महाराष्ट्र, तेलंगाना और राजस्थान के बड़े शहरों और महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अपनी पहुँच बढ़ा रहा है। यहाँ अच्छी क्वालिटी के प्रोडक्ट्स की बढ़ती माँग और मजबूत आर्थिक स्थितियों को देखते हुए, ब्रांड अपने एमबी-अप्रूव्ड और जीएटी टीयूवी-सर्टिफाइड प्रोडक्ट्स लॉन्च कर रहा है। पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए, एनर्जी बायोडिग्रेडेबल पैकेजिंग का इस्तेमाल करता है, जिससे न सिर्फ कचरा कम होता है, बल्कि ग्राहकों को भी एक ईको-फ्रेंडली और जिम्मेदार ब्रांड का अनुभव मिलता है। एनर्जी का राजस्थान में विस्तार इसकी वन-स्टॉप सॉल्यूशन बनने की योजना का हिस्सा है, जहाँ यह ग्राहकों की अलग-अलग जरूरतों को पूरा करेगा। कंपनी का लक्ष्य अगले दो सालों में पूरे भारत और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराना है। स्थानीय दृष्टिकोण और बेहतरीन क्वालिटी के साथ, एनर्जी प्रतिस्पर्धियों से आगे निकलने और ग्राहकों की पहली पसंद बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

### फरवरी में कीमतों में कम उछाल से कृषि और ग्रामीण मजदूरों के लिए महंगाई से राहत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कृषि एवं ग्रामीण श्रमिकों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति में फरवरी में सालाना आधार पर गिरावट दर्ज की गई है। सीपीआई-एएल और सीपीआई-आरएल मुद्रास्फीति घटकर क्रमशः 4.05 प्रतिशत और 4.1 प्रतिशत रह गई। जबकि, फरवरी 2024 में सीपीआई-एएल और सीपीआई-आरएल क्रमशः 7.43 प्रतिशत और 7.36 प्रतिशत थी। यह जानकारी सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से सामने आई है। जनवरी में भी कीमतों में उछाल कम हुआ है, जब सीपीआई-एएल के लिए आंकड़े 4.61 प्रतिशत और सीपीआई-आरएल के लिए 4.73 प्रतिशत थे। पिछले छह महीनों में कृषि और ग्रामीण मजदूरों के लिए मुद्रास्फीति में लगातार गिरावट आ रही है। यह इन कमजोर वर्गों के लिए राहत की बात है, जो बढ़ती कीमतों से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। इससे उनके हाथों में अधिक पैसे बचते हैं, जिससे वे अधिक सामान खरीद पाते हैं और उनकी जीवनशैली बेहतर होती है। कृषि और ग्रामीण श्रमिकों के लिए मुद्रास्फीति में गिरावट देश की समग्र खुदरा मुद्रास्फीति में इस साल फरवरी में 7 महीने के निचले स्तर 3.61 प्रतिशत पर आने की वजह से देखी गई, जो जनवरी के इसी आंकड़े से 0.65 प्रतिशत कम है, क्योंकि महीने के दौरान खाद्य कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। जुलाई 2024 के बाद यह सबसे कम खुदरा मुद्रास्फीति है। फरवरी के दौरान हेडलाइन मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट मुख्य रूप से सब्जियों, अंडे, मांस और मछली, दालों, साथ ही दूध और उत्पादों की मुद्रास्फीति में गिरावट के कारण हुई है। ईंधन की कीमतों में भी महीने के दौरान कमी आई, जिससे घरेलू बजट पर बोझ कम हुआ और फरवरी के दौरान मुद्रास्फीति -1.33 प्रतिशत दर्ज की गई। खुदरा मुद्रास्फीति में गिरावट जारी है और यह आरबीआई के 4 प्रतिशत के लक्षित स्तर से नीचे आ गई है, इसलिए, केंद्रीय बैंक के पास आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और अधिक रोजगार सृजित करने के लिए दरों में कटौती करने के लिए अधिक गुंजाइश होगी। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने पिछले महीने वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच विकास को गति देने के लिए मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दर में 25 आधार अंकों की कटौती कर इसे 6.5 प्रतिशत से 6.25 प्रतिशत करने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति में कमी आई है और उम्मीद है कि इसमें और कमी आएगी तथा यह धीरे-धीरे आरबीआई के 4 प्रतिशत के लक्ष्य के अनुरूप हो जाएगी।

### सोने और चांदी के बाजार में मामूली गिरावट

**मुंबई, एजेंसी।** सोने और चांदी के बाजार में मामूली गिरावट देखने को मिली, लेकिन इंटरनेशनल मार्केट में इनकी कीमतों ने नया रुख अपनाया है। अगर आप सोने-चांदी के निवेश के बारे में सोच रहे हैं, तो इस दिन की कीमतों में आई हल्की गिरावट और वैश्विक बाजार में बढ़ती मांग को देखना आपके लिए महत्वपूर्ण हो सकता है। गुड रिटर्न्स वेबसाइट के मुताबिक, सोमवार को 24 कैरेट सोने की कीमत में 10 रुपये की कमी आई, जिससे 10 ग्राम सोने की कीमत 89,770 रुपये हो गई। वहीं, चांदी में भी 100 रुपये की गिरावट आई और अब एक किलो चांदी का भाव 1,00,900 रुपये हो गया।

# आरसीबी को हराया, दिल्ली ने लगाया जीत का चौका

**चर्चित राजनीति। एजेंसी**

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 के 24वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 6 विकेट से हराकर इस सीजन लगातार चौथी जीत दर्ज की। वहीं, बेंगलुरु को दूसरी हार मिली। प्वाइंट्स टेबल में दिल्ली कैपिटल्स टॉप-2 पर पहुंच गई है। वहीं, आरसीबी पांच मैच में तीन जीत और दो हार के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गई है।

टॉस जीतकर दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। आरसीबी ने तेज शुरुआत करते हुए पहले 4 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 60 से ज्यादा रन जोड़े। फिल सॉल्ट ने 17 गेंद पर ताबड़तोड़ 37 रन की पारी खेली और वह रन आउट हुए। इसके बाद टीम ने 30 रन के भीतर तीन विकेट गंवा दिए। दिल्ली कैपिटल्स के स्पिनर्स ने शिकंजा कसा। विराट कोहली ने 14 गेंद पर 22 रन बनाए। पडिक्कल ने 1 रन का योगदान दिया। कप्तान रजत पाटीदार ने 25 रन की धीमी पारी खेली। लिविंगस्टन 4, जितेश 3 और क्रुणाल पांड्या 18 रन बनाकर जल्दी आउट हो गए। आखिरी में टिम डेविड ने 20 गेंद पर 37 रन की नाबाद पारी खेलकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। कुलदीप और विप्रज ने दो-दो विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने 30 के स्कोर पर तीन विकेट गंवा दिए। फिर 60 के स्कोर तक पहुंचते-पहुंचते चार विकेट गंवा दिया। फॉफ 2, जैक फ्रेजर मैकगर्क 7 और अभिषेक पोरेल 7 रन बनाकर जल्दी पवेलियन लौटे। कप्तान अक्षर पटेल ने 15 रन की पारी खेली, लेकिन केएल राहुल ने एक छोर संभाले रखा। बूंदाबांदी के बीच राहुल और ट्रिस्टन स्टब्स के बीच पांचवें विकेट के



लिए 55 गेंद पर नाबाद 111 रन की साझेदारी हुई। केएल राहुल ने 53 गेंद पर नाबाद 93 रन की पारी खेली और स्टब्स ने 23 गेंद पर 38 रन की नाबाद पारी खेलकर टीम को जीत की दहलीज तक लेकर गए। भुवनेश्वर कुमार को दो विकेट मिले। जोश और सुयश को एक-एक विकेट मिला। बता दें कि दिल्ली की धुआंधार परफार्मेंस जारी है। पहले मैच की बात करें तो नए कप्तान के साथ उतरी लखनऊ और दिल्ली की टीम के बीच आईपीएल 2025 का चौथा



मैच बड़ा रोमांचक रहा। दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने लखनऊ के खिलाफ मैच में पहले टॉस जीतकर बॉलिंग का फैसला किया। लखनऊ ने पहले बैटिंग करते हुए 8 विकेट खोकर 209 रन बनाए। इसके जवाब में दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने आखिरी ओवर में 9 विकेट खोकर इस टारगेट को हासिल किया। दिल्ली की जीत के रियल हीरो आशुतोष शर्मा रहे, जिन्होंने 66 रन की नाबाद पारी खेली और टीम को लाजवाब जीत दिलाई। दिल्ली बनाम लखनऊ टीम के बीच खेले गए मैच के बाद आईपीएल 2025 की प्वाइंट्स टेबल में टॉप पर सनराइजर्स हैदराबाद की टीम मौजूद है। हैदराबाद की टीम ने अपने पहले मैच में राजस्थान रॉयल्स को 44 रन से हराया था। हैदराबाद की टीम इस जीत के बाद 2 प्वाइंट्स और +2.200 नेट रन रेट के साथ पहले पायदान पर है। आरसीबी की टीम ने आईपीएल 2025 में अपने पहले मैच में डिफेंडिंग चैंपियन केकेआर को 7 विकेट से हराकर प्वाइंट्स टेबल में दूसरा स्थान हासिल किया। आरसीबी की टीम अभी 1 मैच में जीत हासिल कर 2 अंक के साथ +2.137 नेट रन रेट के साथ दूसरे पायदान पर है। सीएसके की टीम आईपीएल 2025 प्वाइंट्स टेबल में तीसरे पायदान पर 2 अंक और +0.493 नेट रन रेट के साथ मौजूद है। सीएसके की टीम ने मुंबई को अपने आईपीएल 2025 के पहले मैच में 4 विकेट से हराया। दिल्ली कैपिटल्स की टीम आईपीएल 2025 अंक तालिका में चौथे पायदान पर 2 अंक और +0.371 नेट रन रेट के साथ मौजूद हैं। अक्षर पटेल की कप्तानी में दिल्ली की टीम ने लखनऊ को 1 विकेट से मात दी। पंजाब किंग्स की टीम पांचवें पायदान पर मौजूद है, जबकि गुजरात टाइटंस छठे स्थान पर है। दोनों टीम के बीच आईपीएल 2025 में पहला मैच 25 मार्च को खेला जाएगा। लखनऊ की टीम 7वें पायदान पर 0 अंक और -0.371 नेट रन रेट के साथ मौजूद है। मुंबई इंडियंस की टीम 9वें पायदान और केकेआर की टीम आखिरी स्थान पर मौजूद है।

**मायूस ऋषभ पंत ने बताया कहां हो गई गलती जिससे जीता हुआ मैच हार गई**

**लखनऊ :** ऋषभ पंत की कप्तानी वाली लखनऊ सुपरजायंट्स की टीम आईपीएल 2025 की विजयी शुरुआत करती दिख रही

■ **केएल राहुल ने 53 गेंद पर नाबाद 93 रन की पारी खेली**

> **कुलदीप और विप्रज ने दो-दो विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने 30 के स्कोर पर तीन विकेट गंवा दिए। फिर 60 के स्कोर तक पहुंचते-पहुंचते चार विकेट गंवा दिया। फॉफ 2, जैक फ्रेजर मैकगर्क 7 और अभिषेक पोरेल 7 रन बनाकर जल्दी पवेलियन लौटे।**

थी, लेकिन तभी आशुतोष शर्मा नाम का तूफान आया है और उसका सपना तोड़ गया। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली दिल्ली कैपिटल्स को एक विकेट से जीत दिलाई। इस हार के बाद पंत मायूस दिखे और उन्होंने बताया कि उनकी टीम से कहां चूक गई जिससे टीम जीता हुआ मैच हार गई। लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निकोलस पूरन के 30 गेंदों पर 75 और मिचेल मार्श के 36 गेंदों पर 72 रनों के दम पर 20 ओवरों में आठ विकेट खोकर 209 रन बनाए। दिल्ली ने ये टारगेट 19.3 ओवरों में हासिल कर लिया। ये तब हुआ जब दिल्ली ने अपने पांच विकेट 65 रनों पर ही खो दिए थे। आशुतोष ने नाबाद 66 रनों की पारी खेली जिसमें 31 गेंदों का सामना कर पांच चौके और दो छक्के मारे। इसमें उनका साथ विपराज निगम ने भी दिया जिन्होंने 15 गेंदों पर 39 रन बनाए। अपनी पारी में उन्होंने पांच चौके और दो छक्के मारे। इन दोनों ने 22 गेंदों पर 55 रनों की साझेदारी कर दिल्ली को मैच में वापस ला दिया। मैच के बाद पंत मायूस दिखे। उन्होंने बताया कि उनकी टीम से कहां गलती हुई है। पंत ने कहा, मुझे लगता है कि बोर्ड पर काफी रन थे। हमारे बल्लेबाजों ने अच्छी बल्लेबाजी की। हम बीच के ओवरों में मोमेंटम खो बैठे लेकिन इस विकेट पर ये स्कोर अच्छा था। निश्चित तौर पर हम इस मैच में से पॉजिटिव लेकर जाएंगे और सीखेंगे। पंत ने कहा कि उनक टीम को बेसिक्स पर काम करने की जरूत है। उन्होंने कहा, ÷मुझे लगता है कि हम जितने अच्छे से अपने बेसिक्स पर काम करेंगे उतना ही बेहतर होगा। हमें बेसिक्स चीजें ज्यादा अच्छे से करनी होंगी। पंत ने दिल्ली की जीत के हीरो रहे आशुतोष और विपराज की तारीफ करते हुए कहा, मुझे लगता है कि उनकी दो पार्टनरशिप काफी अच्छी रहीं। पहले स्टब्स के साथ फिर आशुतोष और विपराज की साझेदारी। मुझे लगता है कि गेंद जितनी पुरानी होती है उतनी गेंदबाजों को मदद मिलती, लेकिन हम अपने बेसिक्स को अच्छे से लागू कर सकते थे। आशुतोष शर्मा और विपराज निगम ने हैरतअंगेज बल्लेबाजी करते हुए सोमवार को लखनऊ सुपरजायंट्स के मुंह से जीत छीन दिल्ली कैपिटल्स को दे दी। इन दोनों की तूफानी पारियों के दम पर दिल्ली ने आईपीएल-2025 के अपने पहले मैच में लखनऊ को 1 विकेट से हरा दिया। दिल्ली को जीत के लिए 210 रन चाहिए थे। उसने अपने पांच विकेट 65 रनों पर ही खो दिए थे। ट्रिस्टन स्टब्स ने कुछ लड़ाई लड़ी। हालांकि वह 13वें ओवर की तीसरी गेंद पर 113 के कुल स्कोर पर आउट हो गए। यहां से आशुतोष और विपराज ने जो अटैकिंग बैटिंग की है उसने सभी को हैरान कर दिया और दिल्ली को वहां से जीत दिलाई जहां से किसी को उम्मीद नहीं थी। ये दिल्ली की लखनऊ के खिलाफ रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए सबसे बड़ी जीत है। लखनऊ के लिए निकोलस पूरन ने 30 गेंदों पर 75 रनों की तूफानी पारी खेली जिसमें छह चौके और सात छक्के शामिल रहे। उनके अलावा मिचेल मार्श ने 36 गेंदों पर 72 रनों की पारी खेली जिसमें छह चौके और इतने ही छक्के जड़े। दिल्ली के लिए कोई भी मार्श और पूरन वाला काम नहीं कर सका। दिल्ली के पास जैक फ्रेसर मैक्गर्क और फाफ डु प्लेसी की सलामी जोड़ी है। ये दोनों अपनी तूफानी बैटिंग के लिए जाने जाते हैं, लेकिन शार्दुल ठाकुर ने दिल्ली का पूरा गेम बिगाड़ दिया। नीलामी में ठाकुर को किसी ने नहीं खरीदा था। मोहसिन खान के चोटिल होने के बाद वह टीम में आए और इस मैच में खेले। पहले ही ओवर की तीसरी गेंद पर उन्होंने मैक्गर्क (1) को बड़ोनी के हाथों में कैच कराया। इसके बाद उन्होंने अभिषेक पोरेल को पवेलियन की राह दिखाई। वह खाता तक नहीं खोल सके। समीर रिजवी को एम सिद्धार्थ ने अपना शिकार बनाया और दिल्ली को तीसरा झटका दिया। उम्मीद अब डुप्लेसी और कप्तान अक्षर से थी। दोनों ने कुछ अच्छे शॉट्स मार उम्मीद भी जगाई। ज्यादा तेजी दिखाने के चक्कर में अक्षर, दिग्वेश राठी का शिकार बने। अक्षर ने 11 गेंदों पर 22 रन बनाए जिसमें तीन चौके और एक छक्का शामिल रहा। रवि बिश्नोई ने डुप्लेसी को डेविड मिलर के हाथों कैच करा दिल्ली तो पांचवां झटका दिया। डुप्लेसी ने 18 गेंदों पर 29 रन बनाए। ट्रिस्टन स्टब्स आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए टीम को रास्ते पर लाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन ज्यादा आगे नहीं जा सके। सिद्धार्थ की गेंद ने उनके डंडे उड़ा दिए। स्टब्स ने 22 गेंदों पर 34 रन बनाए। दिल्ली की टीम ने अभी भी हार नहीं मानी थी। आशुतोष शर्मा और विपराज निगम तेजी से रन बना टीम को जीत दिलाने की कोशिश में लगे हुए थे। इन दोनों ने 22 गेंदों पर 55 रन जोड़े। तभी 16वें ओवर के बाद टाइम आउट हुआ और इसके बाद पहली गेंद पर विपराज गलत शॉट खेल दिग्वेश का शिकार बने। उन्होंने 15 गेंदों पर पांच चौके और दो छक्कों की मदद से 39 रन बनाए। 18वें ओवर की पहली गेंद पर बिश्नोई ने स्टार्क को आउट कर दिल्ली को आठवां झटका दिया। आशुतोष ने 18वें ओवर की आखिरी तीन गेंद पर छक्का, चौका और छक्का मार एक बार फिर दिल्ली को मैच में ला दिया। आखिरी दो ओवरों में दिल्ली को जीत के लिए 22 रन चाहिए थे। कुलदीप 19वें ओवर की पहली गेंद पर चौका मार तीसरी गेंद पर रन आउट हो गए। चौथी गेंद पर दो रन लेकर आशुतोष ने अपना अर्धशतक पूरा किया। आखिरी ओवर की तीसरी गेंद पर आशुतोष ने छक्का मार अपनी टीम को जीत दिलाई। आशुतोष ने 31 गेंदों पर नाबाद 66 रनों की पारी खेली जिसमें पांच चौके और इतने ही छक्के मारे। इससे पहले, पहली पारी खेलने उतरी लखनऊ ने विशाखापट्टनम के एसीए-वीडीसीए स्टेडियम में तूफान ला दिया। मिचेल मार्श और एडेन मार्करम की जोड़ी ने टीम को तेज शुरुआत दी। पहले विकेट के लिए दोनों ने 46 रन जोड़े। विपराज निगम ने मार्करम को आउट कर दिल्ली को पहली सफलता दिलाई। उन्होंने 15 रन बनाए। इसके बाद आया असली तूफान। मार्श और पूरन ने फिर दिल्ली के गेंदबाजों की अच्छे से खबर ली। मार्श ने 21 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। दोनों ने टीम का स्कोर 133 रनों तक पहुंचा दिया। मुकेश कुमार ने मार्श को 12वें ओवर की चौथी गेंद पर आउट कर लखनऊ को दूसरा झटका दिया। उनके बाद आए कप्तान पंत खाता तक नहीं खोल सके।

हालांकि, पूरन एक छोर से मार रहे थे और लग रहा था कि लखनऊ आसानी से 230 के पार जाएगी। पूरन को मिचेल स्टार्क ने 15वें ओवर की पांचवीं गेंद पर बोल्ड कर लखनऊ को चौथा झटका दिया। यहां से फिर दिल्ली ने वापसी की। दिल्ली ने फिर बडोनी (4), ठाकुर (0), शाहबाज अहमद (9) के विकेट जल्दी खो लिए और यहां लगने लगा कि लखनऊ अब 200 के पार भी नहीं जा पाएगी। 19वें ओवर की आखिरी गेंद पर रवि बिश्नोई भी आउट हो गए और उनके रूप में लखनऊ ने अपना आठवां विकेट खोया। आखिरी ओवर में डेविड मिलर ने दो छक्के मार टीम का स्कोर 200 के पार पहुंचाया। दिल्ली के लिए स्टार्क ने तीन विकेट लिए। कुलदीप के हिस्से दो विकेट आए। निगम और मुकेश कुमार को एक-एक सफलता मिली। वहीं दाने-दाने पर लिखा है खाने वाले का नाम, ये मुहावरा आपने कभी-न-कभी तो जरूर सुना ही होगा, जिसका मतलब होता है कि ये पहले से ही त.य होता है कि जिसके भाग्य में जो लिखा होता है, उसे वह अवश्य मिलता है। ये डायलॉग फिलहाल स्टार ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर पर बिल्कुल फिट बैठ रहा है, जिन्हें आईपीएल 2025 ऑक्शन में किसी भी फ्रेंचाइजी ने खरीदने में दिलचस्पी नहीं दिखाई थी, लेकिन किसी को उम्मीद नहीं थी कि वह लखनऊ सुपर जायंट्स की तरफ से आईपीएल 2025 में खेलते हुए नजर आएंगे। शार्दुल ठाकुर, जिन्हें आईपीएल 2025 ऑक्शन में खरीदार नहीं मिला था, लेकिन लखनऊ की टीम ने उन्हें दो दिन पहले ही अपनी टीम में शामिल किया। उन्हें लखनऊ की टीम ने चोटिल मोहसिन खान की जगह शामिल किया। मोहसिन खान चोट की वजह से टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। इसके बाद शार्दुल को उनके बेस प्राइस 2 करोड़ रुपये में जोड़ा और ऑक्शन में नहीं बिकने वाले शार्दुल की आईपीएल 2025 में एंट्री हो गई।

## लखनऊ सुपर जायंट्स का एसोसिएट पार्टनर बना आईएनए

**चर्चित राजनीति। संवाददाता**

**लखनऊ।** भारत की प्रतिष्ठित सोलर पैनल मैन्युफैक्चरिंग कंपनी इंसोलेशन एनर्जी लिमिटेड (आईएनए सोलर) ने आगामी टी-20 सीजन 2025 - 27 के लिए लखनऊ सुपर जायंट्स के एसोसिएट पार्टनर बनने की घोषणा की है। यह साझेदारी भारत में अक्षय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने और देश को नेट जीरो उत्सर्जन की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

आईएनए सोलर के चेयरमैन श्री मनीष गुप्ता ने इस अवसर पर कहा, लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ यह साझेदारी हमारे माननीय प्रधानमंत्री के 2070 तक नेट जीरो उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक



महत्वपूर्ण कदम है। क्रिकेट देश के हर कोने तक पहुंचता है, और हम इस माध्यम से अक्षय ऊर्जा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इसे अपनाने के लिए प्रेरित करना चाहते हैं। आईएनए सोलर के प्रबंध निदेशक श्री विकास जैन ने कहा, ÷हमारा उद्देश्य सौर ऊर्जा को केवल बड़े शहरों तक सीमित न रखते हुए छोटे कस्बों और गांवों तक पहुंचाना है। लखनऊ सुपर जायंट्स जैसे लोकप्रिय क्रिकेट ब्रांड के साथ यह सहयोग हमें व्यापक स्तर पर अक्षय ऊर्जा के संदेश को फैलाने में मदद करेगा। आईएनए सोलर के सोलर पैनल आईईसी, एएलएमएम और बीआईएस जैसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मानकों से प्रमाणित हैं और इनकी उच्च गुणवत्ता एवं दक्षता के कारण यह देशभर में व्यापक रूप से प्रचलित हैं। कंपनी वर्तमान में बीएसई-एसएमई बोर्ड पर सूचीबद्ध है और भारत की टॉप 10 सोलर पैनल निर्माता कंपनियों में से एक है। आईएनए सोलर 2025-27 तक 8 गीगावॉट (जी डब्ल्यू) सोलर पैनल मैन्युफैक्चरिंग, 3 जी डब्ल्यू सोलर सेल मैन्युफैक्चरिंग एवं 54,000 मीट्रिक टन प्रति वर्ष एल्यूमिनियम फ्रेम मैन्युफैक्चरिंग की क्षमता का विस्तार करने जा रहा है।

टी-20 क्रिकेट की लोकप्रियता को देखते हुए, आईएनए सोलर और लखनऊ सुपर जायंट्स की यह साझेदारी अक्षय ऊर्जा के प्रचार-प्रसार को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी। यह सहयोग न केवल ब्रांड साझेदारी का प्रतीक है, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा के प्रति जागरूकता फैलाने और भारत को आत्मनिर्भर ऊर्जा स्रोतों की ओर ले जाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

## चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी करेंगे धोनी ऋतुराज गायकवाड़ आईपीएल से हुए बाहर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 में एमएस धोनी चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी करते हुए दिखाई देंगे। ऋतुराज गायकवाड़ कोहनी में फ्रैक्चर के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। सीएसके के हेड कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने गुरुवार, 10 अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ घरेलू मैच की पूर्व संध्या पर इस बात की पुष्टि की। बता दें कि 28 वर्षीय ऋतुराज गायकवाड़ को 30 मार्च को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सीएसके के मैच में तुषार देशपांडे का सामना करते समय कोहनी में चोट लग गई थी। हालांकि, उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के खिलाफ अगले दो मैचों में हिस्सा लिया, लेकिन स्कैन में अब फ्रैक्चर की पुष्टि हुई है। यह चोट पांच बार की विजेता टीम के लिए एक बड़ा झटका है, जिसने इस सीजन में अपने पहले पांच मैचों में से चार मैच गंवाए हैं और अब वह अपने कप्तान और संघर्षरत शीर्ष क्रम के प्रमुख बल्लेबाज के बिना खेलेगी। गौरतलब है कि गायकवाड़ पिछले चार सीजन में से तीन में सीएसके के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे हैं। कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा, जहां तक रिप्लेसमेंट की बात है तो हमारे पास टीम में कुछ ही विकल्प हैं। हमने अभी तक किसी पर फैसला नहीं किया है। धोनी कमान संभालने के लिए तैयार थे। इसलिए उन्हीं का नाम फाइनल किया गया है। एमएस धोनी ने 2023 तक IPL में कप्तानी करने के बाद ऋतुराज गायकवाड को जिम्मेदारी सौंप दी थी। इसी सीजन उन्होंने टीम को आखिरी बार चैंपियन भी बनवाया था। बता दें कि धोनी ने 226 मैच में कप्तानी की और 133 में टीम को जीत दिलाई। धोनी कप्तानी करते हुए 100 से ज्यादा IPL मैच जीतने वाले इकलौते कप्तान हैं। उनके बाद रोहित शर्मा ने 158 मैच में कप्तानी की, उन्होंने 87 मैच में टीम को जीत दिलाई है।

# रोपड़ जिला क्रिकेट एसोसिएशन, हंसराज क्रिकेट अकादमी, पंचकूला और लक्ष्य क्रिकेट अकादमी, कालका ने अपने-अपने लीग मैच जीते

**चर्चित राजनीति। एजेंसी**

**चंडीगढ़।** क्रिकेट विद नागेश अकादमी, पीरमुछल्ला ने हंसराज क्रिकेट अकादमी, पंचकूला को रोमांचक मैच में मात्र 6 रन के मामूली अंतर से हराया और पहला न्यूट्रिशन वैली कप पुरुष सीनियर क्रिकेट टूर्नामेंट में अपना लीग मैच जीता जो आज यहां बाबा बालक नाथ क्रिकेट ग्राउंड, कैंबवाला, चंडीगढ़ और ट्राई सिटी चंडीगढ़ के मैदानों पर खेला गया।पहला न्यूट्रिशन वैली कप पुरुष सीनियर क्रिकेट टूर्नामेंट ट्राई सिटी, चंडीगढ़ के चार मैदानों पर खेला जा रहा है।

नागेश क्रिकेट अकादमी, पीरमुछल्ला के मोहित वर्मा ने नाबाद 100 रन बनाए और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। नागेश अकादमी के साथ पहले बल्लेबाजी करते हुए, पीरमुछल्ला ने 40 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 317 रन का बड़ा स्कोर बनाया। जवाब में हंसराज क्रिकेट अकादमी, पंचकूला ने 40 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 311 रन बनाए। केवल 6 रन से हार गई। दिन के दूसरे



लीग मैच में रोपड़ जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने दशमेश औजला क्रिकेट टीम, डेराबस्सी को 5 विकेट से हराया। रोपड़ जिला क्रिकेट एसोसिएशन के जीवनजोत सिंह ने 67 गेंदों में 9 छक्कों और 8 चौकों की मदद से नाबाद 123 रन बनाए और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए दशमेश औजला क्रिकेट टीम, डेराबस्सी ने 45 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 345 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रोपड़ जिला क्रिकेट एसोसिएशन की टीम ने 43.4 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 346 रन का लक्ष्य हासिल कर मैच जीत लिया। दिन के तीसरे लीग मैच में लक्ष्य क्रिकेट अकादमी, कालका ने एस. टिंकू क्रिकेट अकादमी, मोहाली को 56 रनों से हराया। लक्ष्य क्रिकेट अकादमी, कालका के आशीष कुमार पांडे के हरफनमौला प्रदर्शन से टीम ने 42 रन बनाए और 4 विकेट लिए। उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए लक्ष्य क्रिकेट अकादमी, कालका की टीम ने 44.1 ओवर में 329 रन बनाए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए एस. टिंकू क्रिकेट अकादमी, मोहाली की टीम 40.1 ओवर में 273 रन पर ऑल आउट हो गई। संक्षिप्त स्कोर पहला मैच-क्रिकेट विद नागेश अकादमी, पीरमुछल्ला-40 ओवर में 2 विकेट पर 317 रन।=( मोहित वर्मा 100 नाबाद, उदय वालिया 85 नाबाद, शिवम भांबरी 65, मार्कंडेय पंचाल 31, आरव डी सेतिया 38 रन पर 1, हार्दिक मोंगा 64 रन पर 1,)। हंसराज क्रिकेट अकादमी, पंचकूला-40 ओवर में 7 विकेट पर 311 रन। (विश्व जीत ढांडा.74 नाबाद, पारस 63, अमन 50, अजय जैन 36, प्रथम महाजन 33, अंकन लटके 28 रन पर 3 विकेट, शिवम भांबरी 45 रन पर 1 विकेट,मार्कंडेय पांचाल 20 रन पर 1, मनहर बावा 32 रन पर 1)। संक्षिप्त स्कोर दूसरा मैच-दश्मेश औजला क्रिकेट टीम, डेराबस्सी-45 ओवर में 7 विकेट पर 345 रन। (देवांग कौशिक 147, संदीप बट्टाचार्य 76, सिमरन सिंह 48, मोंटी सैनी 28, लवजीत सिंह 26, जशनप्रीत चेची 66 रन पर 3, ज्ञान सिंह 39 पर 1, अर्शनूर सिंह 57 पर 1, राहुल मौर्य 1 forb86,)। रोपड़ जिला क्रिकेट एसोसिएशन -346 रन 43.4 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर रन। ( जीवन जोत सिंह 123 रन नाबाद, मयन गुप्ता 56 रन, करमन प्रीत सिंह 51 रन, जपजी 51 रन, जसकरन सिंह 28 रन नाबाद, सिमरन सिंह 2 विकेट पर 50,)। तीसरे मैच का संक्षिप्त स्कोर लक्ष्य क्रिकेट अकादमी, कालका 44.1 ओवर में 329 रन= ( रजत यादव 134, आशीष कुमार पांडे 42, याशिक भाटिया 30, आर्यन ठाकुर 27, गुरशान 56 रन पर 4, तरनप्रीत सिंह 36 रन पर 3,)।

## तूफानी मूड में शेयर बाजार सेंसेक्स 1000 अंक उछला

**मुंबई, एजेंसी।** शेयर बाजार में लगातार छठवें कारोबारी दिन तेजी देखने को मिली है। सोमवार को सेंसेक्स और निफ्टी एक-एक प्रतिशत से अधिक की तेजी हासिल करने में सफल रहे हैं। सेंसेक्स दिन भर 1000 अंक के आसपास कारोबार करता दिखा। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 1078 अंक की तेजी के साथ 77,984 के स्तर और निफ्टी 307 अंक की बढ़त के साथ 23658 पर बंद हुआ। डॉलर की तुलना में भारतीय रुपया लगातार मजबूत हो रहा है। सोमवार को रुपए में 12 पैसे की बढ़त दर्ज की गई, जिससे एक डॉलर की कीमत 85.86 रुपए हो गई। वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद डॉलर में कमजोरी आई है, जिससे भारतीय बाजारों को फायदा हुआ है। अमेरिकी बाजारों (वाल स्ट्रीट) में तेजी ने भारतीय बाजार को भी सहारा दिया है। इसकी मुख्य वजह ट्रंप के संभावित टैरिफप्लान में धीरे-धीरे आ रही स्पष्टता मानी जा रही है। चर्चा है कि ट्रंप सिलेक्टिव टैरिफ रणनीति अपना सकते हैं, जिससे बाजारों को राहत मिल रही है।

## डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह यूडब्ल्यूडब्ल्यू-एशिया ब्यूरो सदस्य चुने गए

**अम्मान (जॉर्डन), एजेंसी।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष संजय सिंह को यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू)-एशिया का ब्यूरो सदस्य चुना गया है। यह चुनाव अम्मान में आयोजित यूडब्ल्यूडब्ल्यू-एशिया आम सभा के दौरान हुआ, जहां सिंह ने 38 में से 22 वोट हासिल किए, जो एशियाई कुश्ती समुदाय से मजबूत समर्थन को दर्शाता है। इस प्रतिष्ठित पद के लिए सिंह का चुनाव अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारतीय कुश्ती के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उनकी नियुक्ति से भारतीय पहलवानों को यूडब्ल्यूडब्ल्यू-एशिया की निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में अधिक प्रतिनिधित्व मिलने और देश में खेल के विकास के लिए नए अवसर खुलने की उम्मीद है। सिंह ने आभार व्यक्त करते हुए कहा, मैं यूडब्ल्यूडब्ल्यू-एशिया के ब्यूरो सदस्य के रूप में चुने जाने पर बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह सिर्फ एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि वैश्विक स्तर पर भारतीय कुश्ती के विकास और पहचान का प्रमाण है। मैं पूरे महाद्वीप में खेल को बढ़ावा देने और विकसित करने के लिए यूडब्ल्यूडब्ल्यू-एशिया के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं। यूडब्ल्यूडब्ल्यू-एशिया ब्यूरो में सिंह की मौजूदगी से, डब्ल्यूएफआई को उम्मीद है कि भारतीय पहलवानों को बेहतर अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन, बेहतर प्रशिक्षण कार्यक्रम और उच्च स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के बेहतर अवसरों का लाभ मिलेगा। उनका नेतृत्व भारत में और अधिक अंतरराष्ट्रीय कुश्ती कार्यक्रम लाने में भी मदद कर सकता है, जिससे देश में खेल के पारिस्थितिकी तंत्र को और मजबूती मिलेगी। डब्ल्यूएफआई के कार्यकारी सदस्यों ने संजय कुमार सिंह को उनके चुनाव को वैश्विक मंच पर भारतीय कुश्ती के लिए एक कदम आगे मानते हुए हार्दिक बधाई दी। उनके कार्यकाल से एशिया भर में कुश्ती के विकास में महत्वपूर्ण योगदान मिलने और भारतीय पहलवानों को विश्व मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मजबूत मंच मिलने की उम्मीद है।

## न्यासा नहीं करेगी बॉलीवुड में डेब्यू, काजोल ने खुद किया कन्फर्म, कहा-यह बेटी का खुद का फैसला है



**बॉ**लीवुड के फेमस कपल अजय देवगन और काजोल की बेटी न्यासा देवगन ने भले ही अभी तक फिल्मों में डेब्यू नहीं किया है, लेकिन वह अक्सर किसी न किसी वजह से सुर्खियों में बनी रहती हैं। कभी वो किसी हाई-फैशन इवेंट में नज़र आती हैं, तो कभी दोस्तों के साथ पार्टी करते हुए उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होती हैं। इसी बीच न्यासा की मां काजोल ने उनके बॉलीवुड में डेब्यू पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। दरअसल, हाल ही में काजोल एक मीडिया इवेंट का हिस्सा बनीं, जहां उनसे न्यासा के बॉलीवुड डेब्यू को लेकर सवाल पूछा गया। काजोल ने बिना झिझके जवाब देते हुए कहा-नहीं, फिलहाल ऐसा कुछ नहीं है। वो अब 22 साल की हो चुकी है और उसने खुद यह फैसला लिया है कि वह अभी फिल्मों में नहीं आना चाहती। उनकी यह प्रतिक्रिया सुनकर न्यासा के फैंस काफी हैरान रह गए। इवेंट के दौरान काजोल से यह भी पूछा गया कि अगर कोई युवा एक्टर या एक्ट्रेस इंडस्ट्री में करियर शुरू करना चाहे, तो वह उन्हें क्या सलाह देंगी? इस पर काजोल ने बेहद सटीक बात कही-हर किसी से सलाह मत लेना। क्योंकि जैसे ही आप पूछते हो दृ 'क्या करना चाहिए?', आपको सौ अलग-अलग राय मिलने लगती हैं। कोई कहेगा नाक बदलो, कोई बालों का रंग बदलने की बात करेगा। ये सब इंसान को और भी ज्यादा भ्रमित कर देता है। सबसे जरूरी है कि आप खुद पर भरोसा रखें और अपनी पहचान खुद बनाएं। काजोल की अपकमिंग फिल्म की बात करें तो वह जल्द ही 'मां' नाम की एक फिल्म में नजर आने वाली हैं, जिसे विशाल फरिया निर्देशित कर रहे हैं। यह फिल्म एक माइथोलॉजिकल हॉरर ड्रामा है, जिसमें काजोल एक ऐसी मां का किरदार निभा रही हैं, जो अपनी बेटी की सुरक्षा के लिए किसी भी सीमा तक जा सकती है। फिल्म का पहला लुक मार्च में सामने आया था, जिसमें काजोल एक गहरी और शक्तिशाली भूमिका में नजर आई थीं। फिल्म 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। :: **एजेंसी**

## सिद्धांत चतुर्वेदी का आइस बाथ चौलेंज, 4 डिग्री तापमान में 7 मिनट तक बैठे रहे स्टार

**बॉ**लीवुड एक्टर सिद्धांत चतुर्वेद सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह फैंस के साथ अपनी रियल और रील लाइफसे जुड़ी अपडेट शेयर करते हैं। ट्रैवल डायरीज से लेकर आने वाले प्रोजेक्ट्स की झलक तक एक्टर अपने फॉलोअर्स को दिलचस्प झलकियां दिखाते हैं।हाल ही में, उन्होंने एक छोटा वीडियो शेयर किया जिसमें वह एक चुनौतीपूर्ण आइस बाथ चुनौती को स्वीकार करते नजर आ रहे हैं। उन्होंने आइस बाथ चुनौती को स्वीकार करते हुए 4 डिग्री सेल्सियस में 7 मिनट गुजारा। वीडियो क्लिप में एक्टर को बड़े-बड़े बर्फ के टुकड़ों से भरे टब में डूबा हुआ देखा जा सकता है। उनके हावभाव को देखकर लगता है कि सिद्धांत इस आरामदायक बाथ का पूरी तरह से आनंद ले रहे हैं जो कि अपने कई स्वास्थ्य लाभों के लिए जाना जाता है। वीडियो के अंत में उन्होंने बताया कि वह लगातार 7 मिनट तक उस पानी में टिके रहे जिसकी तापमान लगभग 4 डिग्री सेल्सियस था। सिद्धांत ने अपने फिल्म गहराइयाँ का टाइटल ट्रैक भी जोड़ा जो इस स्थिति के साथ एकदम मेल खाता है। ये दूसरी बार है जब सिद्धांत ने इस तरह का विडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया गया है। इससे पहले जनवरी 2025 में सिद्धांत ने अपनी इंस्टा स्टोरी में यह वीडियो शेयर किया था। :: **एजेंसी**

## बीएसएफजवानों संग मैं निकला गड्डी लेकर पर थिरके सनी देओल, जाट की सक्सेस के लिए तनोट माता मंदिर में मांगी मन्नत

**स**नी देओल की फिल्म जाट रिलीज हो गई हैं। एक्टर को भी अपनी इस फिल्म से काफी उम्मीदे हैं। अपनी इस फिल्म की सफलता के लिए सनी देओल राजस्थान के तनोट माता मंदिर पहुंचे। इस मंदिर की माता को सैनिकों की देवी कहा जाता है। भारत-पाकिस्तान के बॉर्डर पर स्थित इस आखिरी हिंदू मंदिर में सनी देओल ने पूजा की। इसके बाद उन्होंने बीएसएफके जवानों के साथ डांस भी किया। सनी देओल का तनोट माता मंदिर से डांस करते हुए वीडियो सामने आया है। इसमें सनी अपनी फिल्म गदर के सुपरहिट गाने मैं निकला गड्डी लेके पर झूम-झूमकर डांस कर रहे हैं। इस गाने को जवान गाना गा रहे हैं और गिटार बजा रहे हैं। यह वीडियो सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। एक्टर ने जाट की सफलता के लिए तनोट माता के मंदिर में कामना की और आशीर्वाद लिया। इस मंदिर का सनी की फिल्म बॉर्डर से भी कनेक्शन है। दरअसल इसकी झलक उस फिल्म में दिखाई गई थी। साल 1971 के भारत-पाक युद्ध के दौरान तनोट माता पर जो गोलाबारी हुई थी उसे बॉर्डर में दिखाया गया था। फिल्म में सनी देओल ने मेजर कुलदीप सिंह चांदपुरी का किरदार निभाया था। इस मंदिर का रख-रखाव और माता की सेवा बीएसएफके जवान ही करते हैं। :: **एजेंसी**

# सिनेमा को मिल गई नई लेडी खलनायिका, सनी देओल की 'जाट' में सब पर भारी पड़ीं रेजिना कैसेंड्रा

**स**नी देओल का एक्शन हो और तालियों की गड़गड़ाहट थिएटर में न गूंजे ऐसा कैसे हो सकता है। बॉलीवुड में शानदार कमबैक करने वाले बॉलीवुड के 'घातक' एक्टर सनी देओल की पहली पैन इंडिया रिलीज फिल्म जाट गुरुवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। गदर 2 के बाद इस फिल्म को भी ऑडियंस ने तहे दिल से स्वीकार किया है। समीक्षकों और दर्शकों से तारीफ पाने वाली जाट में सनी देओल का एक्शन तो लोगों को भा ही रहा है, लेकिन इसी के साथ फिल्म में लेडी खलनायिका को भी दर्शक नजरअंदाज नहीं कर पाए हैं। सबसे पहले हम आपको बता दें कि जाट में नजर आ रहीं रेजिना कैसेंड्रा फिल्म में रणदीप हुड्डा उर्फ वरदराजा राणतुंगा की पत्नी भारती का किरदार अदा कर रही हैं। जो अपने पति के काले धंधे को संभालती है और इस दौरान वह कई लोगों को मौत के घाट भी उतारती हैं। फिल्म में उनका आमना-सामना सनी देओल के साथ भी दिखाया गया है। जाट में दमदार एक्शन दिखाने वाली ये एक्ट्रेस साउथ इंडस्ट्री से ही ताल्लुक रखती है।

ललिता पवार से लेकर दिव्या दत्ता और अनसूया भारद्वाज के बाद रेजिना कैसेंड्रा बॉलीवुड की नई खलनायिका के रूप में उभरी हैं। कौन हैं रेजिना कैसेंड्रा इसकी डिटेल भी हम आपको दे देते हैं। 13 दिसंबर 1990 में जन्मी रेजिना मुख्य रूप से तेलुगु और तमिल सिनेमा में काम करती हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत तमिल फिल्म से की थी, जिसमें उन्होंने कंडा नाल मुधाल में सपोर्टिंग एक्ट्रेस के तौर पर काम किया था। रेजिना ने सपोर्टिंग किरदार निभाने के बाद साल 2012 में तेलुगु फिल्म सिवा मनासुलो श्रुति में मेन लीड एक्ट्रेस के रूप में काम किया था। जिसमें उन्होंने श्रुति की भूमिका निभाई थी। इस किरदार के लिए उन्हें सिम्मा अवॉर्ड फॉर बेस्ट फीमेल डेब्यू इन तेलुगु सिनेमा से नवाजा गया था। इसके बाद उन्होंने रूटीन लव स्टोरी, केडी बिल्ला किल्लाडी रांगा, पावर, पिल्ला नुव्वु लेनी जीविथम में काम किया था, जिन्होंने उन्हें कमर्शियल सिनेमा की एक सफल अभिनेत्री बनाया। फिल्मों में तो रेजिना ने अभिनय का जलवा दिखाया ही है, लेकिन सोशल मीडिया पर भी उनके प्रशंसकों की एक अच्छी खासी लिस्ट है। इंस्टाग्राम पर रेजिना के दो मिलियन यानी कि 20 लाख से



अधिक फॉलोअर्स हैं। वहीं दूसरी ओर दक्षिण भारतीय अभिनेता अजीत की फिल्म 'विदामुयर्ची' सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म में रिजीना कैसांड्रा ने अहम भूमिका निभाई है। हाल ही में रेजिना ने खास बातचीत की। इस दौरान उन्होंने 'विदामुयर्ची' में अपने किरदार और अभिनेता अजीत के साथ अपने अनुभवों को साझा किया। साथ ही अभिनेत्री ने अपने फिल्मी सफर से जुड़ी कुछ खास बातें भी साझा की। 'विदामुयर्ची' में आपके किरदार के बारे में कहा जा रहा है कि यह नेगेटिव भी हो सकता है और पॉजिटिव भी। कुछ ऐसा किरदार निभाना कितना चैलेंजिंग था? इस सवाल पर रिजीना कैसांड्रा ने कहा कि मुझे तो बहुत खुशी है कि लोग पूछ रहे हैं कि कैसा कैरेक्टर है? मेरे लिए तो यही काफी है कि लोग इस बारे में बात कर रहे हैं कि ये पॉजिटिव है या नेगेटिव? मेरा किरदार एक एडवेंचरस लड़की का है, जो बहुत फन करती है, बहुत हंसती है, जो सबसे घुलमिल कर रहती है। बाकी आपको मेरे किरदार के बारे में फिल्म देखकर पता लगेगा। अजीत कुमार के साथ काम करने का अनुभव कैसा रहा? एक को-एक्टर के तौर पर आप उन्हें कैसे देखती हैं? इस सवाल का जवाब देते हुये रिजीना ने बताया कि बहुत ही अच्छे इंसान हैं। उनके साथ काम करने में बहुत सहज महसूस करती हूं। वह ऐसा कभी नहीं जताते कि वो एक सुपरस्टार हैं और उनके सामने किस तरह बिहेव करना है। फिल्म की शूटिंग के दौरान उन्होंने हम सबके लिए खाना भी पकाया है।


उन्होंने बताया कि साउथ में मैंने बहुत फिल्में की हैं जो हिंदी की तुलना में ज्यादा हैं। मैं 14 साल से वहां काम कर रही हूं। हिंदी में मैंने अभी 2018 से काम करना शुरू किया है। जो कुछ भी हिंदी में मैंने काम किया है उसे लेकर मैं बहुत खुश हूं। मैं ये नहीं कह सकती कि हिंदी में ऐसे स्क्रिप्ट आ रहे हैं या साउथ से वैसे स्क्रिप्ट आ रहे हैं, मुझे दोनों जगह से इतना प्यार मिला है एक एक्टर के तौर पर मुझे सभी किरदार पसंद हैं, जो भी मैंने हिंदी या साउथ में निभाए हैं। अजीत कुमार के एक्सीडेंट पर बात करते हुए रिजीना कैसांड्रा ने कहा कि मैं तो यह एक्सीडेंट लाइव देखा है उस पल सभी परेशान हो गए थे। मुझे विश्वास था कि उन्हें कुछ नहीं हुआ है। थोड़ी देर के लिए जरूर लगा कि ये क्या हो रहा है या क्या हो गया? लेकिन वह बिल्कुल ठीक थे। दोनों ही इंडस्ट्री को लेकर लंबे समय से तुलना हो रही है। आप इस बारे में क्या सोचती हैं? इस सवाल पर उन्होंने बताया कि पहले तो मुझे तुलना करना बिल्कुल भी पसंद नहीं है। भाषा का जो अंतर है वो सिनेमा में नहीं होता, हम इसको तमिल तेलुगु या हिंदी की तरह नहीं देखते। हम इसे पूरे विश्व के सिनेमा के तौर पर देखते हैं। भाषा बैरियर नहीं है, हम बैरियर बनाते हैं। मैंने कभी हिंदी इंडस्ट्री में अलग महसूस नहीं किया, जैसा व्यवहार लोग यहां करते हैं वैसा ही वहां भी लोगों का भी व्यवहार है। मेरे लिए दोनों एक ही जैसे हैं, कोई अंतर नहीं है। हां, मेरे लिए यह महत्वपूर्ण है कि लोग आपको कैसे ट्रीट करते हैं।

> **जाट में नजर आ रहीं रेजिना कैसेंड्रा फिल्म में रणदीप हुड्डा उर्फ वरदराजा राणतुंगा की पत्नी भारती का किरदार अदा कर रही हैं। जो अपने पति के काले धंधे को संभालती है और इस दौरान वह कई लोगों को मौत के घाट भी उतारती हैं। फिल्म में उनका आमना-सामना सनी देओल के साथ भी दिखाया गया है।**

समानता की बात करें तो इन दोनों इंडस्ट्रीज के बीच यही एक समानता है। अब तक के करियर में भाषा कभी आपके लिए समस्या बनी? उन्होंने इस सवाल का जवाब देते हुये बताया कि जी हां, मुझे हिंदी आती है। मैंने स्कूल और कॉलेज में हिंदी सीखी है। लेकिन कई बार भाषा के कारण समस्या भी आती है, जैसे मैं एक पंजाबी लड़की का किरदार नहीं निभा सकती। मैं एक पंजाबी लड़की की तरह दिखती हूं पर जब मैं बात करूंगी तो मैं एक पंजाबी लड़की की तरह नहीं बोल सकती। यह मुझे अलग-अलग तरह के किरदारों को एक्सप्लोर करने से रोकता है। एक एक्टर के तौर पर मैंने यह मसहूस किया है। आपने एक इंटरव्यू में कहा था कि आप नेटवर्किंग में यकीन नहीं रखती हैं और बॉलीवुड में बिना सेल्फ प्रमोशन काम नहीं मिलता। आपको कभी कोई बड़ा नुकसान हुआ? सवाल का जवाब देते हुये रिजीना ने कहा कि कुछ एक्टर और एक्ट्रेस हैं वो नेटवर्किंग करते हैं, डायरेक्टर को बोलते हैं या प्रोड्यूसर को बोलते हैं, इस फिल्म के बाद में साथ में काम करते हैं। यह सब मैं नही कर सकती हूं, जहां मैं किसी से फिल्म के लिए पूछूं। लोग पूछते हैं कि आप क्यों इतनी कम हिंदी फिल्में करती हैं, आप क्यों इतनी कम तेलुगु फिल्में करती हैं? मुझे लगता है उसका एक कारण है, मुझे किसी तरह की लॉबिंग करना पसंद नहीं है। मेरी टीम जो कुछ भी ज्यादा से ज्यादा कर सकती है वो मेरे लिए करती है। :: **एजेंसी**

# आपका दिल भी हो सकता है फैटी हार्ट, जानें कारण, लक्षण और बचाव

**आ**जकल के खानपान और जीवनशैली में बदलाव के कारण फैटी लिवर एक आम समस्या बन चुकी है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि हार्ट भी फैटी हो सकता है? जी हां, आपके दिल में भी फैट जमा हो सकता है, जो दिल के लिए बहुत खतरनाक हो सकता है। इसे एपिकार्डियल फैट एक्युमुलेशन कहा जाता है। फैटी हार्ट उस स्थिति को कहा जाता है जब दिल के आसपास या उसके अंदर अधिक मात्रा में फैट जमा हो जाता है। यह फैट धीरे-धीरे दिल के सामान्य कामकाज को प्रभावित करता है और इसके परिणामस्वरूप हार्ट अटैक, हाई ब्लड



प्रेशर, और कार्डियोवैस्कुलर डिजीज जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। यह समस्या उतनी ही खतरनाक हो सकती है जितनी कि फैटी लिवर। हार्ट में फैट जमा होने के कई कारण हो सकते हैं। इनमें से कुछ प्रमुख कारण जब शरीर का वजन बढ़ता है, तो शरीर में चर्बी का जमा होना स्वाभाविक है, और यह फैट सिर्फपेट या जांघों में ही नहीं, बल्कि दिल में भी जमा हो सकता है। मोटापे के कारण एपिकार्डियल फैट (दिल के आसपास फैट) का जोखिम बढ़ता है। यह फैट धीरे-धीरे दिल के कामकाज को प्रभावित करता है, जिससे हाई ब्लड प्रेशर, दिल की धड़कन की अनियमितता और अन्य कार्डियोवैस्कुलर समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। मोटापे के कारण हार्ट पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है, जिससे दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए, स्वस्थ वजन बनाए रखना दिल के स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी है। हमारे आहार में तला-भुना, जंक फूड और वसायुक्त खाना शामिल होने से न केवल वजन बढ़ता है, बल्कि यह दिल में फैट जमा करने का भी एक बड़ा कारण बनता है। ऐसे खाद्य पदार्थ शरीर में अतिरिक्त कैलोरी और फैट का सेवन कराते हैं, जो बाद में दिल के आसपास जमा हो जाते हैं। अधिक कोलेस्ट्रॉल और ट्रांस फैट वाले भोजन का सेवन भी दिल की सेहत के लिए हानिकारक है।

इसके कारण, रक्त में फैट का स्तर बढ़ सकता है, जिससे दिल की धमनियों में ब्लॉकेज होने की संभावना भी बढ़ जाती है। इस कारण, हमें संतुलित और पोषक तत्वों से भरपूर आहार की आवश्यकता होती है, जिसमें ताजे फल, सब्जियां और हेल्दी फैट्स शामिल हों। :: **एजेंसी**

## भारती सिंह के बेटे गोला को गिफ्ट में मिली मंहगी बाइक

**भा**रती सिंह और हर्ष लिंबाचिया के बेटे गोला यानी लक्ष्य 3 अप्रैल को बर्थडे था। वह अब तीन साल को हो गया है। भारती और हर्ष ने गोला के लिए शानदार पार्टी रखी जिसमें दीपिका कक्कड़ और शोएब इब्राहिम भी शामिल हुए। उन्होंने भारती के बेटे को महंगी ई-मोटर बाइक गिफ्ट की। कपल का गिफ्ट देख कर भारती काफी हैरान हो गई। भारती ने जब गोला को मिले सारे गिफ्ट्स को अनबॉक्स करने वाला वीडियो शेयर किया तो गोला की ई बाइक देख हैरान रह गई। भारती सिंह ने ई-बाइक देख दीपिका और शोएब इब्राहिम से कहा, इससे इच्छा 1बीएचके गिफ्ट कर देते।

# प्रथम पृष्ठ का शेष समाचार

## स्लोवाकिया के दौरे

सम्मानित महसूस कर रही हूं। यह एक ऐसा सम्मान है जो उस देश और सभ्यता को दिया जा रहा है जो अनादि काल से शांति और शिक्षा का प्रतीक रहा है। उन्होंने ब्रातिस्लावा में स्लोवाकिया-भारत व्यापार मंच को भी संबोधित किया। राष्ट्रपति ने कहा कि स्लोवाकिया-भारत व्यापार मंच तालमेल तलाशने और पारस्परिक रूप से लाभकारी साझेदारी बनाने के लिए एक उत्कृष्ट मंच के रूप में कार्य करता है।

## केन्द्रीय मन्त्री ने

को बढ़ावा देने की कार्यवाही आगे बढ़ी है। सौर परियोजनाओं के लिए ट्रांसमिशन नेटवर्क को मजबूत भी किया जा रहा है। मुख्यमंत्री जी ने बताया कि उत्तर प्रदेश में पीएम सूर्य घर योजना के अन्तर्गत 10 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसके सापेक्ष एक लाख से ज्यादा इंस्टॉलेशन पूर्ण कर लिए गए हैं। उन्होंने यूपीनेडा के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन लोगों ने भी योजना के अन्तर्गत आवेदन किया है, सभी को अभियान चलाकर शीघ्र से शीघ्र सोलर एनर्जी से जोड़ा जाए। अभी हर महीने 11 हजार से अधिक इंस्टॉलेशन किए जा रहे हैं, जिसे वर्ष 2025-26 में बढ़ाकर औसतन 22 हजार से अधिक किया जाए। जनपदवार, डिस्कॉमवार, नगर निगम, नगर पालिका परिषद को लक्ष्य आवंटित किया जाए। प्रभावी अनुश्रवण एवं समीक्षा के लिए इसे सीएम डैशबोर्ड के साथ इंटीग्रेट किया जाए। मुख्यमंत्री जी ने निर्देश दिए कि पोर्टल पर मार्च, 2025 तक प्राप्त 10.73 लाख आवेदनों पर कॉलिंग कर वेण्डर्स को सूची उपलब्ध कराते हुए सोलर रूफटॉप की स्थापना की जाए। आवश्यकता के अनुरूप वेण्डर्स की संख्या में वृद्धि की जाए। उन्होंने कहा कि हमारा फोकस ट्रेनिंग पर भी है, ताकि अधिक से अधिक सूर्य मित्रों को इंस्टॉलेशन के लिए तैयार किया जा सके। इसके लिए पॉलीटेक्निक के माध्यम से ट्रेनिंग भी करायी जा रही है। मुख्यमंत्री जी ने पीएम कुसुम योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश निजी पम्प सोलराइजेशन में देश में प्रथम है। निजी नलकूपों के सोलराइजेशन के लिए मिशन मोड में कार्य किया जाए। जल्द से जल्द सभी को सोलर पैनल से आच्छादित किया जाए। अच्छे वेण्डर्स को इसमें शामिल किया जाए। किसानों को भी पानी की बचत के लिए जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से वनटांगिया गांवों को निःशुल्क सोलर पैनल की व्यवस्था से जोड़ा जा रहा है। इसके अतिरिक्त, जनपद सोनभद्र, मीरजापुर, चित्रकूट, चन्दौली के जनजाति समुदाय को भी सोलर व्यवस्था से आच्छादित किया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रदेश के सभी 17 नगर निगमों में सोलर पार्क विकसित किए जाएं। इसके लिए नगर निगम भूमि उपलब्ध कराए। नगरों की स्ट्रीट लाइट्स को सोलर पार्क से जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री जी ने रबी विपणन वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत गेहूं खरीद की समीक्षा करते हुए भरोसा जताया कि उत्तर प्रदेश गेहूं क्रय के लक्ष्य को तय समय में पूरा कर लेगा। 09 अप्रैल तक 26,641 किसानों से 1.40 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। अभी तक गेहूं क्रय कार्य की प्रगति विगत वर्षों की तुलना में बहुत अच्छी है। इस वर्ष कृषकों के मध्य तक पहुंच बनाने के लिए रणनीति के तहत कटाई के पूर्व जनपद एवं मण्डल स्तरीय अधिकारियों/कर्मचारियों को गांवों में सम्पर्क के लिए भेजा गया, जिसका परिणाम बहुत अच्छा रहा। गांव में जाकर कृषकों से सम्पर्क कर भारत सरकार द्वारा निर्धारित एमएसपी से अवगत कराते हुए क्रय केन्द्रों पर गेहूं लाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि भारत सरकार से मोबाइल क्रय केन्द्रों के माध्यम से गेहूं खरीद की अनुमति प्राप्त होने के फलस्वरूप कृषकों से सम्पर्क करके उनके गांव/दरवाजे पर जाकर भी गेहूं क्रय कराया जा रहा है। हमारी टीम फील्ड में जाकर सभी 826 विकास खण्डों में किसानों से बातचीत कर रही है। हर मण्डी में किसानों के लिए बैठने और खाने-पीने की उत्तम व्यवस्था की गई है। हमारा पूरा फोकस किसानों को कम से कम समय में धनराशि प्रदान करने पर है। इसके लिए सभी क्रय केन्द्रों को छुट्टी के दिन भी खोला जा रहा है और समय सीमा भी बढ़ाई गई है, ताकि किसानों को असुविधा न हो। केन्द्रीय मंत्री श्री प्रहलाद जोशी ने मुख्यमंत्री जी को बधाई देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश गेहूं के प्रोक्योरमेंट, पीएम सूर्य घर योजना समेत सभी सम्बन्धित योजनाओं में बेहतरीन प्रदर्शन कर रहा है। रिन्यूएबल और ओवरऑल एनर्जी में प्रदेश सरकार का कार्य उत्कृष्ट रहा है। जनपद अयोध्या और वाराणसी में सौर ऊर्जा के सम्बन्ध में जो कार्य हुआ है, वह दूसरे राज्यों के लिए आदर्श है। इसको अभियान चलाकर और बेहतर किया जाए, ताकि पूरे देश के लिए हम इसे मॉडल के रूप में प्रस्तुत कर सकें। उन्होंने कहा कि बढ़ती ऊर्जा मांग के अनुरूप उत्तर प्रदेश की तैयारी सही दिशा में है। इस अवसर पर कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही, नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री अरविन्द कुमार शर्मा, कृषि राज्य मंत्री श्री बलदेव सिंह ओलख, ऊर्जा एवं वैकल्पिक ऊर्जा राज्य मंत्री श्री सोमेन्द्र तोमर, खाद्य, रसद तथा नागरिक आपूर्ति राज्य मंत्री श्री सतीश चन्द्र शर्मा तथा मुख्य सचिव श्री मनोज कुमार सिंह सहित केन्द्र व राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## नीतीश कुमार को

बाबू जगजीवन राम के बाद अपनी धरती के दूसरे बेटे को इस पद पर आसीन होते देखेगा। बिहार में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं। मीडिया के वर्ग में अटकलें हैं कि भाजपा द्वारा 74 वर्षीय नीतीश कुमार को ''सम्मानजनक विदाई की पेशकश की जा सकती है।

## अमित शाह ने

क्योंकि ऐसा करने से घुसपैठियों की समस्या खत्म हो जाएगी। बॉर्डर पर फेंसिंग का काम पूरी तरह से नहीं हो पा रहा है। लगभग 250 किमी सीमा पर ऐसी भौगोलिक परिस्थितियां हैं, जैसे नदी और नाले, जहां फेंसिंग लगाना संभव नहीं है। इसके अलावा बंगाल सरकार 400 किमी बॉर्डर पर फेंसिंग के लिए भूमि उपलब्ध नहीं करा रही है। शाह ने यह भी बताया कि चाहे वे रोहिंग्या हों या बांग्लादेशी उनके वोटर कार्ड पश्चिम बंगाल के 24 परगना जिले से बन रहे हैं।

## समाजसेवी संस्था की

के साथ चली जाओ। किशोरी सौरभ व उन दो महिलाओं के साथ कार से चली गई। रास्ते में उन लोगों ने किशोरी को पनीर खिलाया, जिससे वह बेहोश हो गई। होश आया तो रात हो गई थी। सौरभ से पूछने पर उसने कहा कि रिश्तेदार के घर जा रहे हैं। वह उसे जयपुर के खोनागुरिया के प्रेमनगर निवासी गायत्री नाम की महिला के फार्म हाउस लेकर पहुंच गए। उसे खाना खिलाया गया, जिसके बाद वह फिर बेहोश हो गई। होश आया तो वह राजस्थान के सीकर में नरोत्तम नाम के युवक के घर में थी।

उसे बताया गया कि सामूहिक विवाह समारोह में नरोत्तम से उसका विवाह हुआ है। उसे फोटो भी दिखाई गई। किशोरी ने आत्महत्या की धमकी दी तो नरोत्तम उसे गायत्री के फार्महाउस ले गया। वहां नरोत्तम और गायत्री के बीच ढाई लाख के लेनदेन को लेकर झगड़ा हुआ, तब पता चला कि उसे सौरभ ने 1.30 लाख में गायत्री को बेचा था, जबकि गायत्री ने ढाई लाख रुपये में नरोत्तम को बेचा। विवाद होने पर गायत्री उसे किसी तीसरे व्यक्ति को बेचने की तैयारी कर रही थी। इस दौरान वहां करीब चार साल से बंधक शबाना ने किशोरी को बाहर निकलने में मदद की। बाहर निकलकर उसने एक व्यक्ति के मोबाइल फोन से स्वजन को जानकारी दी। वह पास के बस्सी थाने पहुंची और पुलिस को भी बताया। हंसपुरम चौकी प्रभारी ललित प्रताप सिंह ने बताया कि जयपुर से गायत्री व उसके ड्राइवर हनुमान सिंह को गिरफ्तार किया गया है। कोलकाता निवासी शबाना को भी मुक्त कराया गया। आरोपित महिला गायत्री सर्व समाज फाउंडेशन के नाम से संस्था चलाती है और सामूहिक विवाह कराने की आड़ में मानव तस्करी गिरोह चला रही थी। पुलिस अब सौरभ, उसकी पत्नी, महिला मित्र सुमन व पलक के साथ ही किशोरी से विवाह करने वाले नरोत्तम की भी तलाश कर रही है।

## बांगलदेश पर भारत

रही हैं, जो कि भारत की ओर से दी गई मेहमाननवाज़ी का दुरुपयोग है। उन्होंने कहा, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के खिलाफ वह लगातार गलत और भड़काऊ आरोप लगा रही हैं। हम अपील करते हैं कि आपके देश में रहते हुए इस तरह के भड़काऊ बयान देने से भारत सरकार उन्हें रोके। जो पीएम मोदी की कार्यशैली से परिचित हैं उन्हें यह पता चल गया था कि मोहम्मद यूनुस के इस बयान पर जल्द ही कोई ऐसा कदम भारत उठाएगा जिससे बांग्लादेश चित नजर आएगा।आखिर हफ्ते भर के अंदर एक्शन सामने आ गया। भारत के इस फैसले का सीधा असर बांग्लादेश से होने वाले निर्यातों पर पड़ना तय है। भारत ने बांग्लादेश के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच को अधिक सरल और सस्ता बना दिया था। जाहिर है कि भारत के ट्रांसशिफ फैसिलिटी बंद होने से बांग्लादेश का तेज़ी से बढ़ता रेडीमेड गारमेंट उद्योग की लागत बढ़ जाएगी। एक तो बांग्लादेश की अस्थिरता के चलते अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डिमांड कम हो रही है। दूसरे अब भारतीय लॉजिस्टिक्स प्रणाली, विशेषकर नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे जैसे प्रमुख केंद्रों का सहयोग न मिलने से और बांग्लादेश टैक्सटाइल्स उद्योग बरबादी के कगार पर पहुंच सकता है। इसके ठीक उलट बांग्लादेश की फैक्ट्रीज को मिलने वाला काम भारतीय उद्योगपतियों को मिल सकता है। 2024 में बांग्लादेश का निर्यात 50 अरब डॉलर के ऐतिहासिक आंकड़े को पार कर गया था। बांग्लादेश की रेडीमेड गारमेंट इंडस्ट्री देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बन रही थी। इसके अलावा, चमड़ा और चमड़ा उत्पादों का निर्यात 10।44त्न बढ़कर 577।29 मिलियन डॉलर हो चुका है। जबकि कपास और कपास उत्पादों का निर्यात 16।32त्न बढ़कर 319।06 मिलियन डॉलर पहुंच चुका है। बांग्लादेश भले ही इसे स्वीकार न करे पर बांग्लादेश की इस तरक्की के पीछे कहीं न कहीं भारत बैकबोन की तरह काम कर रहा था।

## बिहार में आंधी

कि लोग बारिश से बचने के लिए मंदिर में शरण लिए हुए थे, तभी अचानक मंदिर की दीवार गिरने से चार लोग उसमें दब गये जिससे उन सब की मौत हो गई। मृतकों की पहचान मानपुर के नगवां गांव निवासी सुनील पंडित की पत्नी निरजुला देवी (35), शिव शंकर राय की पत्नी गीता देवी (50), अविनाश यादव के पुत्र अंश कुमार (12), जितेंद्र पंडित के पुत्र रोहित कुमार (12), अविनाश यादव की पुत्री नंदनी कुमारी (08) एवं उमेश यादव के पुत्र निरजु कुमार (13) के रूप में की गई है। नालन्दा के पावापुरी सहायक थाना इलाके के दुर्गापुर खंधा में अचानक ता? का पे? दुर्गापुर निवासी पिंटू यादव के (10) वर्षीय पुत्र अंकित कुमार पर गिर गया,जिससे उसकी मौत वहीं पर हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि अंकित कुमार खंधे में था। ते? हवा देखकर घर लौटने लगा तभी रास्ते में पे? उसके ऊपर गिर गया, जिसमें अंकित की मौत हो गई। हालांकि लोगों को जैसे ही खबर मिली लोग बच्चे को उठाकर आस लगाए पावापुरी असपताल लाये जहाँ चिकित्साकों ने मृत घोषित कर दिया।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक विजय शंकर शर्मा द्वारा ग्रुप 5 प्रकाशन 55-बी, वजीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं डी-206-सी, विभूतिखण्ड गोमती नगर लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक- विजय शंकर शर्मा
(M.)- 9628478339, 9335322739 Ph: 0522- 4075237 Fax: 0522- 2306048 Email- charchitrajnit@gmail.com

# आंधी, बारिश और वज्रपात से 14 लोगों की मौत

## मौसम विभाग ने दी चेतावनी, कहा-अगले 48 घंटे तक खराब रहेगा मौसम





चर्चित राजनीति। संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश में मौसम के करवट लेने से बुधवार रात से गुरुवार सुबह तक कई जिलों में तेज आंधी-बारिश और वज्रपात के बीच 14 लोगों की जान चली गई। इसके अलावा कई लोग जख्मी भी हैं। मौसम की जबरदस्त मार फसलों पर भी पड़ी है। गेहूं की तैयार फसल को अधिक क्षति पहुंची है। खेत में पानी भरने से गेहूं के सड़ने का खतरा पैदा हो गया है। आम की फसल को आंशिक क्षति हुई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 से 48 घंटे में मौसम यूं ही बदलता रहेगा। तेज हवा चल सकती है और गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना है। यह स्थिति 12 अप्रैल तक बनी रह सकती है, जबकि 13 अप्रैल को पूर्वी उप्र में भारी बारिश की संभावना है।

सीतापुर में बिजली गिरने से गन्ना काटने गए किसान की मौत हो गई। इसके अलावा इसी जिले में ही पक्की दीवार गिरने से महिला की जान चली गई। अमेठी में भी खेत में काम कर रही महिला की मौत वज्रपात की चपेट में आकर हो गई। वज्रपात से गोंडा और फतेहपुर में तीन बालकों की मौत हो गई। महिला समेत पांच झुलस गए। कानपुर देहात में दो किसानों की मौत हो गई। कन्नौज में आंधी में लड़खड़ा रही टिनशेड को थामने के प्रयास में 60 वर्षीय किसान की जान चली गई। टिनशेड उसके ऊपर ही गिर गया। आजमगढ़ में वज्रपात से तीन तो गाजीपुर में एक मौत हुई। जौनपुर में आंधी से गिरे आम के पेड़ के नीचे दबकर महिला की मौत हो गई। वज्रपात से पूर्वांचल भर में दर्जन भर से अधिक लोगों के जख्मी होने की भी सूचना है। लखनऊ बाराबंकी, सीतापुर, अमेठी, अयोध्या गोंडा समेत सभी जिलों में खेतों में पानी भर गया। तेज हवा के साथ आई बारिश से कटी पड़ी गेंहू की फसल को नुकसान हुआ है। कानपुर और आसपास जिलों में भी यही स्थिति दिखी। खेतों में खड़ी और कटी पड़ी गेहूं की फसल भीग गई। आंधी के चलते कई जगह पेड़ उखड़ गए। तेज बारिश से उन किसानों की परेशानी बढ़ गई है जिनकी गेहूं की फसल खेत में कटकर पड़ी है। पूर्वांचल के जिलों में भी गेहूं की फसल खराब हुई है। कई जगहों पर आम के टिकोरे भी गिर गए। लखनऊ के चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय के कृषि विशेषज्ञ डा.सत्येंद्र कुमार सिंह के अनुसार बरसात ने गेहूं की फसल को बर्बाद कर दिया है। इस बरसात से गेहूं की चमक प्रभावित होगी तो गेहूं बीज की भी गुणवत्ता प्रभावित होगी। रहमान खेड़ा के केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान के कृषि वैज्ञानिक पीके शुक्ला ने बताया कि आम की फसल के लिए बारिश फायदेमंद है। बारिश से आम के पेड़ों की धुलाई हो गई, जो लासी समेत अन्य रोगों की रोकथाम में सहायक होगी। बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि होने, आंधी आने और बिजली गिरने की घटना से फिरोजाबाद, सिद्धार्थ नगर और सीतापुर में कई लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को प्रभावित इलाकों का दौरा करने और प्रभावित लोगों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। अपर जिलाधिकारी विशू राजा ने बताया कि बिजली गिरने की पहली घटना तहसील सदर क्षेत्र नारखी थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर में घटी जिसमें खेत पर काम कर रही महिला ललिता देवी (30) की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। दूसरी घटना थाना जसराना क्षेत्र के गांव चनारी की है जहां खेत पर काम कर रहे किसान पदम वीर सिंह (32) की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। सिद्धार्थ नगर में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 40 वर्षीय श्रमिक घनश्याम की मौत हो गई।

अधिकारियों ने कहा कि यह घटना गौरा मंगुआ गांव में उस समय हुई जब घनश्याम बारिश में काम के लिए जा रहा था। सीतापुर में बिजली गिरने और भारी बारिश से एक दीवार ढहने की दो अलग अलग घटनाओं में दो व्यक्तियों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि बिस्वां थाना अंतर्गत मोछ खुर्द में आकाशीय बिजली गिरने से खेत में काम कर रहे हरिश्चंद्र (25) की मौत हो गई, जबकि सकरान थाना अंतर्गत रसूलपुर गांव में भारी बारिश के चलते एक दीवार ढहने से कुसुमा देवी (55) की मौत हो गई। इन घटनाओं का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रभावित जिलों के अधिकारियों को पूरी तैयारी के साथ राहत अभियान चलाने का निर्देश दिया है।

**योगी ने अधिकारियों को किया अलर्ट :** उत्तर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में गुरुवार को बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि, आंधी, बिजली गिरने की घटनाओं का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रभावित जिलों के अधिकारियों को पूरी तैयारी के साथ राहत अभियान चलाने का निर्देश दिया है। फिरोजाबाद में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक महिला समेत 2 व्यक्तियों की मौत हो गई। भारतीय मौसम विभाग, लखनऊ कार्यालय ने गुरुवार के लिए बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की जिलेवार चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग ने कहा है कि कौशांबी, वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली सहित कई जिलों में भारी बारिश हो सकती है और आकाशीय बिजली गिर सकती है। इन जिलों से विस्तृत रिपोर्ट प्रतीक्षारत है। यहां जारी एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को प्रभावित इलाकों का दौरा करने, राहत प्रयासों की कड़ी निगरानी करने और प्रतिकूल मौसम से प्रभावित लोगों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने का गुरुवार को निर्देश दिया। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि फसलों को हुए नुकसान का विस्तृत आकलन किया जाए और राज्य सरकार को इसकी रिपोर्ट तुरंत सौंपी जाए। इससे प्रशासन को उचित कार्रवाई करने और प्रभावित किसानों के लिए सहायता उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

- **गेहूं की कटी फसल और खेतों में पानी भरने से भारी नुकसान हुआ, पेड़ हुये धराशाई**

उल्लेखनीय है कि लखनऊ समेत प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में गुरुवार को आंधी आई और भारी बारिश हुई। कई जगहों पर बिजली भी गिरी है। उधर, फिरोजाबाद में बृहस्पतिवार तड़के आए तूफान में आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला सहित 2 लोगों की मौत हो गई। अपर जिलाधिकारी विशू राजा ने बताया कि पहली घटना तहसील सदर क्षेत्र नारखी थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर में घटी जिसमें खेत पर काम कर रही महिला ललिता देवी (30) की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। वहीं, दूसरी घटना थाना जसराना क्षेत्र के गांव चनारी में घटी जिसमें खेत पर काम कर रहे किसान पदम वीर सिंह (32) की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। वहीं राजधानी लखनऊ और कानपुर समेत कई इलाकों में गुरुवार सुबह तेज रफ्तार वर्षा और आंधी से मौसम खुशगवार हो गया। लेकिन इस बेमौसम बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी। खेतों में पड़ी गेहूं की फसल समेत अन्य साग सब्जियों को नुकसान पहुंचा। आंधी बारिश से फिलहाल जनहानि की सूचना नही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंधी बारिश, ओलावृष्टि से प्रभावित जिलों में राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर सर्वे करें तथा राहत कार्य पर नजर रखें। आपदा से जनहानि और पशुहानि होने की स्थिति में प्रभावितों को तत्काल राहत राशि का वितरण करें। घायलों का समुचित उपचार कराया जाए। सर्वे कराकर फसल नुकसान का आकलन करते हुए आख्या शासन को भेजें, ताकि इस संबंध में अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके। जल जमाव की स्थिति होने पर प्राथमिकता पर जल निकासी की व्यवस्था कराई जाए। लखनऊ में सुबह घने काले बादलों ने दस्तक दी और देखते ही देखते तेज रफ्तार बारिश होने लगी। बारिश से कई इलाकों में जलभराव के हालात पैदा हो गये हालांकि तेज गर्मी से लोगों को ठंडी हवाओं ने राहत प्रदान की।

मौसम विभाग के अनुसार बारिश के कारण तापमान में दो डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गयी है। मौसम में यह बदलाव पश्चिमी विक्षोभ का परिणाम है। अगले 24 घंटे में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में उछाल आने के आसार हैं। कानपुर में बारिश के कारण सुबह स्कूल जाने वाले बच्चों को दुश्वारियों का सामना करना पड़ा। सुबह नौ बजे तक हालांकि मौसम साफहो गया था, जिसके चलते स्कूल का समय नहीं बदला गया और न ही रेनी डे की घोषणा हुयी। हालांकि स्कूलों में छात्र छात्राओं की संख्या काफी कम रही।

**घरों में घुसा पानी, तूफान से पोल और पेड़ गिरे, बिजली सप्लाई बंद :** राजधानी में गुरुवार सुबह हुई मूसलाधार बारिश से शहर के नाले उफना गए। सड़कों पर जलभराव हो गया। घरों में पानी घुस गया। करीब 4 घंटे तक बारिश हुई। पहले एक घंटे मूसलाधार बारिश हुई, उसके बाद बारिश हल्की हो गई। इस दौरान तूफानी हवा चली और आसमानी बिजली भी चमकती रही। दोपहर एक बजे के आसपास बारिश रुकी। भारी बारिश और आंधी के चलते शहर में कई फीडर से बिजली की सप्लाई बंद कर दी गई। इसके चलते कॉलोनियों और पॉश इलाकों की 5 घंटे तक बिजली गुल रही। कई इलाकों में अभी भी बिजली नहीं आई है।

मौसम विभाग के मुताबिक हवा की स्पीड 40 से 50 किलोमीटर के बीच रही। हालांकि अभी तक कितनी बारिश हुई, इसका आकलन नहीं हुआ है। नगर निगम के कंट्रोल रूम 260 से ज्यादा शिकायतें आई हैं। कुछ लोगों का कहना है कि नगर निगम का फोन नंबर हैंग कर गया है, कॉल मिलाने पर नहीं मिल रहा है। कई जगह बिजली के पोल और पेड़ उखड़ और टूट गए। छतों पर रखे गमले गिर गए। बारिश इतनी तेज थी कि आसपास की आवाज तक नहीं सुनाई दे रही थी। वहीं, बुधवार देर रात भी आंधी चली थी। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 2 दिन शहर में बारिश के आसार हैं। इससे मौसम ठंडा रहेगा, उसके बाद मौसम बदलेगा और तापमान 40 डिग्री के पार पहुंचेगा। 260 लोगों ने अब तक नगर निगम अलग-अलग विभागों में सुबह से सीवर, जलभराव, सफाई, मृत पशु सहित अन्य समस्याओं को लेकर फोन कर चुके हैं। जिसके बाद नगर निगम की टीम मौके पर पहुंचकर लोगों की समस्या का समाधान कर रही है। नगर आयुक्त ने अधिकारियों की ड्यूटी क्षेत्रवार लगाई है। मौसम विभाग ने बताया है कि अगले दो दिन तक मौसम इसी तरह बना रह सकता है। उधर, पेड़ गिरने से बिजली के खंभे और तार टूट गए। कई इलाकों की बिजली घंटों गुल रही। कई जगह करंट उतरने की शिकायत भी आई। शिकायतों के चलते विभाग को सुरक्षा को देखते हुए आपूर्ति बंद करनी पड़ी। इससे करीब पांच लाख की आबादी को परेशानी झेलनी पड़ी। गोलागंज फीडर स्थित चार बत्ती चौराहे के पास तेज हवाओं से तार टूट गए थे। जिस समय तार टूटा था उस समय बिजली सप्लाई चालू थी। स्थानीय लोगो ने इसकी जानकारी बिजली विभाग को दी जिसके बाद कनेक्शन काटा गया। वहीं, केसरबाग में करंट आने की जानकारी मिलने पर एहतियातन उसे भी बंद कर दिया गया। बारिश के चलते विधानसभा से नया गांव, नजरबाग, फूलबाग और आस-पास के इलाकों में भी सप्लाई प्रभावित हुई है। कई जगह खंभों में करंट आने की सूचना मिलने से सावधानी के तौर पर सप्लाई रोक दी गई है। ओल्ड बालागंज फीडर में बारिश के बाद अचानक ब्रेकडाउन हो गया। इसके चलते झंडेवाला चौराहे के पास एक डिस्क इंसुलेटर क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं, आजादनगर उपकेंद्र से जुड़ा 11 केवी ब्रौरा फीडर भी खराबी के कारण बंद है। इससे इलाके की बिजली गुल हो गई। साथ ही सीतापुर रोड योजना (सेक्टर-ए) सहित आसपास के कई इलाकों में बिजली गुल हो गई। इन क्षेत्रों में करीब 3 घंटे से विद्युत आपूर्ति बाधित है। मोहन लालगंज के ओल्ड और न्यू सबस्टेशन से जुड़ी पीजीआई और खुजेहटा 33 केवी लाइन भी सुबह से ब्रेकडाउन में है, जिससे पचास हजार से अधिक उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति ठप हो गई है।

वहीं वाराणसी में मौसम का मिजाज एकदम से बदल गया है और यहां जोरदार बारिश हुई। झमाझम बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। बारिश के साथ-साथ यहां तेज आंधी भी चलीं। वाराणसी में 11 अप्रैल को पीएम मोदी की रैली होनी है। बारिश और तेज हवाओं के बीच पीएम मोदी की जनसभा के स्थल पर लगे पीएम मोदी के पोस्टर भी फट गए हैं। कल तक यहां का मौसम काफी गरम था। लेकिन आज सुबह हुई बारिश से तापमान काफी नीचे गिरा है। जिससे लोगों को काफी राहत मिली है। शहर में बारिश के दौरान अंधेरा भी छा गया और विजिबिलिटी भी काफी कम हो गई। तेज बारिश और आंधी के बीच गंगा में तेज लहर चलने से नावों का संचालन रुका। नाविकों ने कहा लहरे रुकने के बाद दोबारा नावों का संचालन किया जाएगा। वाराणसी से दिल्ली जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 405 तीन घंटे लेट हुई। जिसके बाद यात्री एयरपोर्ट पर बैठे हैं। वहीं अमेठी में मौसम ने अचानक करवट ली है। सुबह से छाए काले बादलों के बीच तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। जिले में पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी का प्रकोप था। सुबह 10.30 बजे से तेज हवाएं चलने लगीं। बादलों में गड़गड़ाहट के साथ करीब 11 बजे जिले के विभिन्न इलाकों में तेज बारिश शुरू हुई। बारिश के साथ बिजली की चमक और तेज हवाओं ने मौसम को पूरी तरह बदल दिया है।

## देश-विदेश डायरी

### पाकिस्तान ने 8,000 अफगानों को निकाला तोरखम सीमा से जबरन वापसी शुरू



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान ने देशभर में चल रहे अभियान के तहत 8,000 से अधिक अफगान शरणार्थियों को निर्वासित कर दिया है। यह कार्रवाई 'अफगान सिटीजन कार्ड (एसीसी) धारकों की स्वैच्छिक वापसी की समय सीमा 31 मार्च को समाप्त होने के बाद तेज कर दी गई। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि एक अप्रैल से अब तक लगभग 8,115 अफगानों को तोरखम सीमा के रास्ते वापस भेजा गया है, जिनमें से अधिकांश पंजाब से पकड़े गए थे। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सरकार ने अब तक 5,000 से ज्यादा अफगानों को हिरासत में लिया है। अधिकारियों के मुताबिक, पंजाब में अवैध रूप से रह रहे लगभग एक लाख अफगानों की पहचान की गई है जिन्हें जल्द ही देश से निकाला जाएगा। यह निष्कासन का दूसरा चरण है, जिसमें एसीसी धारकों को निशाना बनाया गया है। पहले चरण में सितंबर 2023 से अब तक 800,000 से अधिक अफगानों को वापस भेजा जा चुका है। 1980 के दशक में अफगानिस्तान में सोवियत हमले के बाद लाखों अफगान पाकिस्तान आए थे और अब सरकार अवैध प्रवासियों पर कड़ी कार्रवाई कर रही है।

### नाइजीरिया के 23 राज्यों में फैली खतरनाक बीमारीय अब तक 151 की मौत, हालात बेकाबू

**अबुजा, एजेंसी।** नाइजीरिया में तेजी से फैल रहे मैनिन्जाइटिस रोग से अब तक 151 लोगों की मौत हो गई और इस बीमारी के प्रकोप पर काबू पाने के लिए वहां के स्वास्थ्य अधिकारी लगातार संघर्ष कर रहे हैं। इस बीमारी से मारे गए अधिकतर लोग उत्तरी क्षेत्र के दूरदराज के हिस्सों के थे और इससे सबसे अधिक संख्या में बच्चे प्रभावित हुए हैं। नाइजीरिया रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) ने इस सप्ताह कहा कि अक्टूबर में पहली बार बीमारी सामने आई और नाइजीरिया के 36 राज्यों में से 23 में यह फैल गई है। इस रोग से लगभग आधी यानी 74 मौत इस वर्ष दर्ज की गई। एनसीडीसी के प्रवक्ता सानी दत्ती ने बताया कि इस बीमारी से होने वाली अधिकतर मौतें मुख्य रूप से संक्रमित लोगों के समय पर स्वास्थ्य केंद्रों में नहीं पहुंचने या देरी से पहुंचने के कारण हुई हैं। वर्तमान में इस प्रकोप ने अफ्रीका के सबसे अधिक आबादी वाले देश को प्रभावित किया है। इस देश का स्वास्थ्य क्षेत्र वैसे भी फरवरी में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन द्वारा जारी अमेरिकी सहायता में कटौती के आदेश से जूझ रहा है, जिसका असर कई देशों पर पड़ा है।

### बीएनपी बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस से चुनावी रुपरेखा पर करेंगी चर्चा

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) राष्ट्रीय चुनाव में संभावित देरी को लेकर अपनी आशंकाओं का हवाला देते हुए 16 अप्रैल को देश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस से आम चुनाव की रूपरेखा पर चर्चा करने के लिए मुलाकात करेगी। डेली स्टार के अनुसार, बंगलादेश के मुख्य सलाहकार और उनके अंतरिम मंत्रिमंडल ने चुनावों पर अभी कोई स्पष्ट निर्देश जारी नहीं किए हैं, इसलिए बैठक में आगामी राष्ट्रीय चुनावों के लिए स्पष्ट और विशिष्ट रूपरेखा तैयार करने पर जोर दिया जाएगा, साथ ही चुनावों को लेकर किसी भी तरह की उलझन को दूर किया जाएगा। पार्टी नेताओं ने कहा कि वे इस साल दिसंबर तक आम चुनाव कराने की अपनी मांग को स्पष्ट रूप से रखेंगे और इस मामले में सरकार की स्थिति और इरादों पर स्पष्टता की मांग करेंगे, साथ ही चल रही सुधार प्रक्रिया सहित विभिन्न अन्य मुद्दों पर चर्चा करेंगे। बीएनपी की स्थायी समिति के सदस्य सलाहुद्दीन अहमद के अनुसार बैठक मुख्य सलाहकार के आधिकारिक आवास, स्टेट गेस्ट हाउस जमुना में होगी। अहमद ने गुरुवार को प्रेस को संबोधित करते हुए कहा, हम निश्चित रूप से मुख्य सलाहकार से दिसंबर से पहले आगामी राष्ट्रीय संसदीय चुनाव के लिए एक विशिष्ट रोडमैप चाहते हैं। विभिन्न दलों के विभिन्न बयानों के कारण भ्रम की स्थिति को देखते हुए, हम उनसे आग्रह करेंगे कि वे अस्थिरता और अनिश्चितता की भावना को दूर करने के लिए उचित प्रक्रिया के माध्यम से रोडमैप को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करें। बीएनपी नेता ने कहा कि राजनीतिक स्थिरता को बहाल करने और आर्थिक गतिविधि को बढ़ावा देने में मदद करने के लिए एक रोडमैप को औपचारिक रूप से राष्ट्र के सामने पेश किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, इससे पहले, हमने चुनाव आयोग के साथ चर्चा की थी और उन्होंने कहा था कि जून तक तैयारियां पूरी हो जाएंगी।

## सरकार ने 10 प्रमुख परियोजनाओं को दी मंजूरी

चर्चित राजनीति। संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संजोने और संरक्षित करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए 10 महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण एवं वृहद अनुरक्षण कार्यों की पहल की है। ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण के लिए हाल ही में संस्कृति विभाग ने 24.98 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थलों के लिए उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) को कार्यदायी संस्था के रूप में नामित किया गया है। प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा स्वीकृत इन परियोजनाओं से ऐतिहासिक धरोहरों का संरक्षण तो होगा ही साथ ही इन स्थलों के विकास से स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे। इससे प्रदेश में पर्यटन की संभावनाओं का विस्तार होगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल भी मिलेगा। उन्होंने बताया कि परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। पर्यटन मंत्री ने बताया कि इसके अलावा झांसी जनपद ठकुरपुरा की गढ़ी के वृहद अनुरक्षण हेतु 498.96 लाख और डिमरौनी की गढ़ी के लिए 353.69 लाख रुपये। ललितपुर जनपद रू लक्ष्मणगढ़ मंदिर, पिपरई के लिए 56.54 लाख रुपये, रणछोर मंदिर, धोजारी के लिए 29.14 लाख रुपये, मर्दन सिंह की बैठक हेतु 145.57 लाख रुपये और स्थलीय संग्रहालय, ललितपुर के नवीनीकरण के लिए 496.74 लाख रुपये।

## कुकर्म करते देखा था, पुजारी ने कराई पत्रकार की हत्या, 2 शूटरों को 4 लाख दिए

चर्चित राजनीति। संवाददाता

**सीतापुर।** सीतापुर में पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी की हत्या मंदिर के पुजारी ने कुकर्म की खबर दबाने के लिए कराई थी। पुजारी ने 4 लाख में दो शूटर हायर किए थे। हत्या करने के बाद पुजारी ने होटल में पार्टी की थी। पत्रकार हत्याकांड का पुलिस ने 33 दिन बाद गुरुवार को खुलासा किया। इसमें पांच लोग शामिल थे।

मुख्य आरोपी कारेदेव बाबा मंदिर के पुजारी को उनके दो परिचितों के साथ गिरफ्तार किया गया है। गोली मारने वाले दोनों शूटरों की तलाश जारी है। उन्हें पकड़ने के लिए क्राइम ब्रांच की तीन टीमों के अलावा ज्थ् की सात टीमें लगातार लगी हैं। पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी की 8 मार्च को दोपहर करीब तीन बजे गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हेमपुर ओवरब्रिज पर शूटर घात लगाए बैठे थे। पुलिस की शुरुआती जांच धान खरीद में घोटाले की खबरों पर टिकी थी। पत्रकार राघवेंद्र ने धान खरीद में गड़बड़ी को छापा था। कर्मचारियों पर एक्शन भी हुए थे। पुलिस ने 4 हजार से अधिक नंबरों को सर्विलांस रखा। 100 से अधिक संदिग्धों से पूछताछ की गई। पता चला कि पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेयी महोली कस्बे में अपने परिवार के साथ रहते थे। उनका कारेदेव मंदिर पर आना-जाना था। पिछले 5-6 महीनों से राघवेंद्र का मंदिर पर आना- जाना काफी बढ़ गया था। मंदिर के मुख्य पुजारी रमाकांत मिश्रा हैं, वे महोली के कारीपाकर के रहने वाले हैं। इसी मंदिर में शिवानंद बाबा नाम का व्यक्ति भी 5 साल से रह रहा था। उसका असली नाम विकास राठौर उर्फ विकास मिश्रा है। वह रामकोट के अहाता कप्तान का रहने वाला है।

- **मृतक पत्रकार की पत्नी ने कहा-पुलिस के खुलासे पर नहीं है भरोसा**

पुलिस ने सीसीटीवी खंगाले। फुटेज में दो लोग कारेदेव बाबा मंदिर और राघवेंद्र के घर के आसपास और महोली कस्बे में संदिग्ध रूप से घूमते नजर आए। इन पर शक पुख्ता होते ही गहनता से जांच की गई। पुलिस ने शूटरों के स्केच भी बनवाए। पूछताछ के लिए शिवानंद बाबा, उनके करीबी निर्मल सिंह और असलम गाजी को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई। सामने आया कि राघवेंद्र के हाथ शिवानंद बाबा के कुछ ऐसे राज लग गए थे। जिससे उसकी काफी बदनामी होती। इसका जिक्र शिवानंद ने अपने करीबी निर्मल सिंह से किया।

निर्मल सिंह ने असलम गाजी की मदद से दो शूटरों को राघवेंद्र की सुपारी दी। इसके बाद रेकी कर शूटरों ने राघवेंद्र की हत्या कर दी। शिवानंद बाबा मुख्य पुजारी रमाकांत मिश्रा की मदद करता था। वह तंत्र-मंत्र भी करता है। राघवेंद्र की शिवानंद बाबा से दोस्ती थी। शिवानंद मंदिर आने वाले एक नाबालिग बच्चे के साथ कई महीने कुकर्म कर रहा था। उसके क्षेत्र के कई व्यक्तियों से भी समलैंगिक संबंध थे। फरवरी महीने में राघवेंद्र बाजपेयी ने विकास को नाबालिग बच्चे के साथ संबंध बनाते हुए देख लिया था। शिवानंद को डर था कि राघवेंद्र कहीं उसका ये कुकृत्य जगजाहिर न कर दें। अगर उसने उसका राज खोल दिया तो मंदिर से बाहर कर दिया जाएगा। समाज में भी बड़ी बदनामी होगी। शिवानंद ने राघवेंद्र को अपने रास्ते से हटाने का फैसला किया। उसने दो अपराधियों निर्मल सिंह और असलम गाजी से संपर्क किया। 4 लाख की सुपारी देकर पत्रकार राघवेंद्र की हत्या करने को कहा। निर्मल और असलम ने शिवानंद को भरोसा दिया था कि वे राघवेंद्र को एक महीने के अंदर मार देंगे। इसके बाद शिवानंद पत्रकार राघवेंद्र के साथ और नजदीकी बढ़ाने लगा, ताकि किसी को उस पर शक न हो। 6 मार्च की शाम को राघवेंद्र, शिवानंद, रमाकांत अपने कुछ अन्य साथियों के साथ खीरी में रासलीला का एक कार्यक्रम देखने गए। जहां पर शिवानंद की मुलाकात कोमल मिश्रा नाम के व्यक्ति से हुई, जो रासलीला में कलाकार था। शिवानंद वहां कोमल से भी संबंध बनाने का प्रयास करने लगा। 8 मार्च को शिवानंद ने पत्रकार राघवेंद्र को बहाने से मंदिर पास बुलाया। दोपहर 3 बजे रास्ते में घात लगाए बैठे शूटरों ने राघवेंद्र की हत्या कर दी। हत्या के बाद शिवानंद बाबा ने दोपहर 3.40 बजे कोमल को फोन किया। दोनों मिले और शॉपिंग की। सीतापुर के राजस्थानी होटल में शाम के समय खाना खाया। फिर राजस्थानी होटल में ही एक कमरा बुक कराकर साथ में रात में रुके। जहां शिवानंद ने कोमल के साथ अप्राकृतिक संबंध बनाए गए। कमरे में 6 बीयर पी और भांग भी खाई। पुलिस का दावा है कि शिवानंद बाबा ने पूछताछ में बताया कि पत्रकार ने उसे दबाने के लिए 20 लाख की डिमांड की थी। हत्या में अभी दो लोग फरार हैं। उनकी तलाश की जा रही है। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने बताया शूटरों ने मोबाइल फोन का इस्तेमाल ना करते हुए करीब 10 दिनों तक पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी की रेकी की थी। उसके बाद दिनदहाड़े वारदात को अंजाम दिया था। एएसपी डॉ प्रवीण रंजन सिंह के नेतृत्व में कुल 12 टीमों ने अपनी जांच कर रही थी। 33 दिनों में चार हजार से अधिक नंबरों को बीटीएस की मदद से रडार पर लिया गया। वहीं, सौ से अधिक संदिग्धों से पूछताछ की गई। पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की पत्नी रश्मि ने पुलिस के खुलासे पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा, पुलिस ने जो खुलासा किया है, उस पर हमें विश्वास नहीं है। पहले हमारे पति को कुकर्मी बताया गया, और अब 34 दिन बाद पुलिस कह रही है कि इन्होंने (राघवेंद्र ने) बाबा को कुकर्म करते हुए देखा था। ऐसे में हम यह समझ नहीं पा रहे हैं कि पुलिस सही क्या बता रही है और गलत क्या। पुलिस कह रही है कि ये (हमारे पति) 20 लाख रुपए मांग रहे थे। हम मुख्यमंत्री जी के पास जाएंगे और उनसे इस मामले की सीबीआई जांच की मांग करेंगे। घटना इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र में हुई थी। पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई महोली कस्बे के रहने वाले थे। वे एक राष्ट्रीय अखबार में महोली तहसील के पत्रकार थे। पुलिस के मुताबिक, लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाईवे पर हेमपुर रेलवे क्रासिंग के पास बने ओवर ब्रिज पर बाइक सवार हमलावरों ने राघवेंद्र पर ताबड़तोड़ फायरिंग की। तीन गोली उनके कंधे और सीने में लगी। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर बाइक से फरार हो गए। फायरिंग से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल राघवेंद्र को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।